## न्यूज ब्रीफ



### रामगढ़ में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ़:** स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निदेर्शानुसार सोमवार को जिले के सभी प्रखंडों में आंगनबाड़ी सहियाओं, सेविकाओं द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता शपथ के साथ रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन को अपने-अपने बूथों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील भी किया गया।

### गोला से अवैध शराब जब्त



**रामगढ़:** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, इसी दौरान एसपी अजय कुमार को मिली सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए जिले के गोला थाना क्षेत्र के घाघरा टोला और बरलांगा थाना क्षेत्र के डाकगढ़ा से कुल 16 पेटी अवैध शराब बरामद किया। सोमवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एसपी अजय कुमार ने बताया कि इस मामले में दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें ओम पोद्दार और शिव बेदिया शामिल है। विधानसभा चुनाव को लेकर एक्साइज और पुलिस विभाग एक्शन मोड़ में है। शराब की अवैध रूप से बिक्री रोकने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### एमएनपीएस में रतन टाटा को दी गई श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर :** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में सोमवार को टाटा संस के दिवंगत अध्यक्ष, पद्मश्री एवं पद्मविभूषण से सम्मानित उद्योगपति रतन नवल टाटा को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें स्कूल के कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र एवं स्कूल परिवार के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान उद्योग एवं कारोबार के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की चर्चा की गई। प्राचार्या संगीता सिंह ने रतन टाटा के मूल्यों तथा दूरदृष्टि तथा सोच पर प्रकाश डाला और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके लगन, दृढ़ता से विद्यानियों को प्रोत्साहित किया। वहीं अन्य वक्ताओं ने भारत की औद्योगिक क्षमता के विकास को विश्वस्तर पर से जाने के उनके प्रयासों की सराहना की।

### काली पूजा पंडाल निर्माण का संघ ने किया भूमिपूजन

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर 2 स्थित जागृति मैदान में जागृति युवा संघ द्वारा काली पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संघ ने भूमि पूजन की। इस मौके पर परमेश्वर प्रधान (समाज सेवी) मनमोहन सिंह (प्रेस क्लब अध्यक्ष सरायकेला-खरसावां) जितेंद्र शुक्ला, पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी एवं कमेटी के अध्यक्ष शमशेर सिंह, उपाध्यक्ष अंकुर कुमार, विराज रोशन, हर्षित मिश्रा, प्रतीक सिंह, दीपक वसिष्ठ, अश्विनी कौशिक, सुमित सिन्हा, उज्जवल कुमार, आदर्श, राज, आकाश, आयुष, विशाल कुणाल, प्रज्वल, छोटू, पवन व अन्य उपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ जेल में औचक छापेमारी



**रांची/रामगढ़:** विधानसभा चुनाव को लेकर डीसी और एसपी अजय कुमार ने रामगढ़ जेल में सोमवार की देर रात औचक छापेमारी की। अधिकारियों ने जेल के सभी वार्डों में जाकर तलाशी ली। अचानक हुई छापेमारी से मंडल कारा के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस छापेमारी अभियान में डीसी, एसपी के अलावा एसडीओ, डीएसपी, उपनिर्वाचन पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। इससे पहले इस साल मार्च महीने में रामगढ़ जेल में छापेमारी की गयी थी।छापेमारी के दौरान जेल कैदी के पास से दो मोबाइल फोन और नशीला पदार्थ बरामद किये गये थे।

### बाबूलाल के सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस रद्द

**रांची:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के करीबी और उनके प्रेस सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के केस को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। सुनील तिवारी के खिलाफ कांड संख्या 229/ 2021 और 180/ 2024 दर्ज किया गया था। सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। बता दें कि खूंटी की एक युवती ने सुनील तिवारी पर दुष्कर्म करने और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली देने का आरोप लगाया है। युवती ने 16 अगस्त 2021को रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में पूरे घटनाक्रम का क्रमवार जिक्र किया गया है। जिसके बाद सुनील तिवारी ने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का रूख किया था। प्राथमिकी रद्द होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

धनबाद के जज की हत्या संबंधी याचिका का निपटारा

# सीबीआई ने हाईकोर्ट को बताया- दो आरोपियों को हुई उम्रकैद



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान ली गई याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें धनबाद के न्यायाधीश उत्तम आनंद की हत्या की जांच की मांग की गई थी। न्यायालय को सीबीआई ने बताया कि जांच पूरी हो गई है। आरोपी राहुल वर्मा और लक्ष्मण वर्मा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। दोनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सीबीआई ने न्यायालय को यह भी बताया कि जांच में किसी भी साजिश का कोई संकेत नहीं मिला है। आगे जांच की आवश्यकता नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश दीपक रोशन की खंडपीठ ने सीबीआई की दलील को स्वीकार करते हुए कहा कि जांच सभी पहलुओं से पूरी हो गई है। किसी गहरी साजिश का कोई तत्व सामने नहीं आया है, इसलिए याचिका का निपटारा किया जाना चाहिए।

न्यायाधीश उत्तम आनंद की 28 जुलाई 2021 को धनबाद में हत्या हुई थी। वे सुबह 5 बजे रणधीर वर्मा चौक के पास टहल रहे थे, तभी एक ऑटो-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें ड्राइवर के साथ सामने एक यात्री बैठा था। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि ऑटो-रिक्शा के पीछे एक मोटरसाइकिल सवार चल रहा था, जिसने न्यायाधीश को जमीन पर गिरते देखा, लेकिन उसने मदद नहीं की। बाद में न्यायाधीश उत्तम आनंद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

इस घटना के 12 घंटे बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने तत्कालीन खंडपीठ को बताया था कि अन्य सीसीटीवी फुटेज से भी सबूत इकट्ठा किए गए हैं और ऑटो-रिक्शा जब्त कर लिया गया है। अगस्त 2021 में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था, जिसने दो आरोपियों राहुल वर्मा और लक्ष्मण वर्मा को गिरफ्तार किया था, जिन्हें अब दोषी ठहराया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

## तेज रफ्तार का कहर, ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्चे की मौत, सड़क जाम



**सरायकेला:** खरसावां थाना क्षेत्र के गांगुडीह आम बगान के पास तेज रफ्तार ट्रेक्टर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी है। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने खरसावां-रड़गांव मार्ग को जाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह गांगुडीह के गुरुचरण कुरली के चार वर्षीय पुत्र गणेश कुरली सड़क किनारे टहल रहा था। इस दौरान गांगुडीह आम बगान के पास खरसावां से रड़गांव की ओर तेज रफ्तार से जा रही ट्रेक्टर की चपेट में आने से गणेश कुरली की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद ट्रेक्टर तेज रफ्तार से हुडंगदा होते हुए रड़गांव की ओर भाग निकला। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने गांगुडीह के पास खरसावां-रड़गांव मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। साथ ही सड़क पर उतर कर ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर लोगों समझाने का प्रयास किया, परंतु लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि नियमों को ताक पर रख कर ट्रेक्टर चालक तेज रफ्तार से चलते है। ऐसे में क्षेत्र में अक्सर दुर्घटनायें होती रहती है। इस पर रोक लगाना आवश्यक है।

## झारखंड लुईस मरांडी व लक्ष्मण टुडू सहित कई ने थामा झामुमो का दामन



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नीति व सिद्धांत, पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के मार्गदर्शन एवं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा की पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक लुईस मरांडी, पूर्व विधायक घाटशिला लक्ष्मण टुडू, पूर्व विधायक बहरागोड़ा कुणाल षाड़ंगी, सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी गणेश महली, पूर्वी सिंहभूम के भाजपा जिलाध्यक्ष बारी मुर्मू व भाजपा नेता बास्को बेसरा पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय एवं बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती भी मौजूद थे।

## 23-27 अक्टूबर को मोरहाबादी में जेसोवा दिवाली मेला



**रांची:** 23 से 27 अक्टूबर तक जेसोवा दिवाली मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को आइएएस क्लब में जेसोवा की प्रेसिडेंट ख्यांगते ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। ख्यांगते ने बताया कि झारखंड आईएएस ऑफिसर वाइव्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक दिवाली मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला मोरहाबादी मैदान में लगेगा। सुबह 11 से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इस मेले को लगाने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के कलाकारों को एक मंच देना है, जहां वह अपने उत्पादों को प्रदर्शन कर सकें। दिवाली मेला हर साल एसोसिएशन की ओर से लगाया जाता है।

मेले के माध्यम से समाजसेवाः पांच दिनों तक चलने वाले इस मेले में देशभर से स्टाल आ रहे हैं। मैसूर, जयपुर, कश्मीर, नागपुर, सिलीगुड़ी, भागलपुर जैसे कई शहरों के हैंडलूम वर्क के स्टाल लगाए जाएंगे और बड़ी संख्या में बुनकर भी भाग लेंगे और अपने हुनर से सबको परिचित कराएंगे। मेले में नाबार्ड और झारक्राफ्ट के भी स्टॉल लगाए जाएंगे। दिवाली मेले में फूड कोर्ट भी बनाया जा रहा है जिसमें तरह तरह के करीब 100 व्यंजनों का भी लोग लुत्फ उठा सकेंगे। रात्रि में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गिरजा देवी की शिष्या इंडियन कल्चर प्रोग्राम की प्रस्तुति देंगी। साथ ही झारखंड के पाइका, छऊ नृत्य एवं नागपुरी संगीत से जुड़े कलाकार भी प्रस्तुति देंगे।प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से झारखंड आईएएस ऑफिसर वाइव्स एसोसिएशन की सचिव गायत्री सिंह, संयुक्त सचिव दिव्या श्रीनिवासन, कोषाध्यक्ष यामिनी, दीप्ति जयराज, निक्की टोप्पो, जे रविकुमार, जेसिना सिद्दीकी, अपर्णा शर्मा, सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024

# कांग्रेस ने जारी की 21 उम्मीदवारों की सूची , पांच महिलाओं पर भी दांव



**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव में अब एक महीने से भी कम का समय शेष रह गया है। सभी पार्टियां चुनावी तैयारियों में लगी हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस ने सोमवार को 13 जिलों की 21 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पहली सूची में पांच महिलाओं को टिकट दी है। जिसमें महगामा से दीपिका पांडे सिंह तो बड़कागांव से अम्बा प्रसाद साहू को चुनावी मैदान में उतारा है।

**प्रत्याशियों की सूचीः क्र। सं।निर्वाचन क्षेत्र का नाम चयनित उम्मीदवार का नाम**

| क्र। सं। निर्वाचन क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|
| 1 जामताड़ा | डॉ। इरफान अंसारी |
| 2 जरमुंडी | बदल पत्रलेख |
| 3 पोरेयाहाट | प्रदीप यादव |
| 4 महगामा | दीपिका पांडे सिंह |
| 5 बड़कागांव | अम्बा प्रसाद साहू |
| 6 रामगढ़ | ममता देवी |
| 7 मांडू | जय प्रकाश पटेल |
| 8 हजारीबाग | मुन्ना सिंह |
| 9 बेरमो | कुमार जय मंगल |
| 10 झरिया | पूर्णिमा निरज सिंह |
| 11 बाघमारा | जलेश्वर महतो |
| 12 जमशेदपुर पूर्व | डॉ. अजॉय कुमार |
| 13 जमशेदपुर पश्चिम | बन्ना गुप्ता |
| 14 जगन्नाथपुर (अनुसूचित जनजाति) | सोना राम सिंकु |
| 15 खिजरी (अनुसूचित जनजाति।) | राजेश कच्छप |
| 16 हटिया | अजय नाथ साहदेव |
| 17 मांडर (अनुसूचित जनजाति) | शिल्पी नेहा तिर्की |
| 18 सिमडेगा (अनुसूचित जनजाति) | भूषण बारा |
| 19 कोलेबिरा (अनुसूचित जनजाति) | नमन विक्सल कोंगारी |
| 20 लोहरदगा (अनुसूचित जनजाति) | रमेश्वर उरांव |
| 21 मनिका (अनुसूचित जनजाति) | रामचंद्र सिंह |

इंडिया ब्लॉक में सीट को लेकर चर्चा तेजः सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों के बीच बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस ने सोमवार रात कहा कि मंगलवार को इसको लेकर पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी कि कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा। बता दें कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की। झारखंड में भाजपा प्रमुख विपक्षी दल, कांग्रेस तीसरे नंबर परः गौरतलब है कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल 27 विधायकों वाला झारखंड मुक्ति मोर्चा सबसे बड़ा दल है। 24 विधायकों के साथ भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है। इसके अलावा 18 विधायकों वाली कांग्रेस संख्याबल के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। 81 विधायकों वाली विधानसभा में चार सीटें खाली हैं।

## संजना मासूम यूजीसी नेट और पीएचडी के लिए योग्य



**कोडरमा:** संजना मासूम, एक युवती जो अपनी मेहनत और लगन से यूजीसी नेट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुई है और अब सहायक प्रोफेसर और पीएचडी के लिए भी योग्य हो गई है। उनकी इस सफलता ने उनके परिवार और समाज को गौरवान्वित किया है। संजना की सफलता की कहानी एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि कैसे मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने गाँव डोमचांच से प्राप्त की और रांची से स्कूलिंग की। उन्होंने ओडिशा के रमादेवी महिला विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और अब रेवेंशॉ विश्वविद्यालय से पीजी कर रही हैं। उनका मुख्य विषय राजनीति विज्ञान है। संजना के माता नमिता बर्नवाल और पिताजी संजय कुमार बर्नवाल ने उनकी सफलता में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने उन्हें हर कदम पर समर्थन और प्रेरणा दी। संजना के पिताजी की आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी को पढ़ाया और उसके सपनों को पूरा करने में मदद की।संजना के छोटे भाई संयम मासूम बीटेक कर रहे हैं और अपनी दीदी की इस सफलता में उनका भी सहयोग रहा है एवं ओडिशा के बड़े भैया प्रशांत बेहरा और अभिषेक सर का महत्वपूर्ण योगदान है। संजना अब सहायक प्रोफेसर और पीएचडी के लिए तैयार हो रही है। उनकी इस सफलता ने उन्हें एक रोल मॉडल बना दिया है और यह सब उनके साहस और मेहनत का नतीजा है। संजना मासूम की सफलता की कहानी एक प्रेरणादायक कहानी है जो सभी युवाओं को अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती है।

न्यूज ब्रीफ



## सिल्ली से देवेंद्रनाथ महतो को टिकट देने पर जेएलकेएम का जताया आभार

**रांची:** राज्य में चुनावी बिगुल बज चुका है। विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी है। इस संदर्भ में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने आज मंगलवार को मोरहाबादी में बैठक किया। इसमें विभिन्न जिला के छात्र नेता शामिल हुए। छात्रों की समस्या और सिजीएल अनियमितता पर चर्चा किया। अपने जेएसएसयू प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से टिकट देकर भरोसा के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा को आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान यूनियन के संयोजक योगेश चंद्र भारती ने कहा कि जेएलकेएम संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो द्वारा देवेंद्रनाथ महतो को सिल्ली जैसे हॉट सीट से उतारना बेहद ही सकारात्मक कदम है। एनडीए और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को हमारे छात्र यूनियन हराने का काम करेगा। सभी जिला के छात्र नेताओं से वार्ता करते हुए इस विधानसभा चुनाव में उतरने पर सहमति बनी। सिल्ली क्षेत्र में जीत का फोकस किया गया। मोरहाबादी रांची में बैठक के दौरान छात्र नेता चंदन कुमार, पप्पू यादव, शांति प्रसाद गोपाल, रविंद्र कुमार, नीतीश महतो व छात्र नेता शामिल रहे।

## सदर अस्पताल में इलाज कराने आया बाल कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार

**रांची:** सदर अस्पताल गुमला में इलाज कराने आया बाल कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस उसे तलाश करने में जुटी है। बता दें कि सोमवार को बाल कैदी अस्पताल में लाया गया था। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे, बाल कैदी शौच के बहाने बाथरूम गया और वहां वेंटिलेटर का ग्रिल तोड़कर दो मंजिल से कूद गया। घटना की जानकारी मिलते ही रिमांड होम के कर्मियों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद मामले की सूचना गुमला थाना को दी गई। यह बाल कैदी सिमडेगा जिले के कुरडेग प्रखंड से चोरी के मामले में गुमला रिमांड होम में लाया गया था। 20 अक्टूबर को, रिमांड होम के अन्य बाल कैदियों के साथ उसकी लड़ाई हो गई थी, जिसमें वह घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए सोमवार शाम को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिमांड होम के कर्मी प्रदीप साहू ने पुष्टि की है कि बाल कैदी की खोजबीन जारी है।

## अजय कुमार सिंह के डीजीपी पद पर नियुक्ति पर ईसी की मुहर



**रांची:** झारखंड के डीजीपी के पद पर नियमित पदस्थापन के लिए 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह के नाम पर भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकृति दे दी है। अजय कुमार सिंह का इस पद पर पदस्थापन अब नियमित हो गया है। वे इसके अतिरिक्त झारखंड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के प्रभार में भी रहेंगे। अजय कुमार सिंह पहले भी राज्य के डीजीपी रह चुके हैं। राज्य सरकार ने उन्हें 15 फरवरी 2023 को झारखंड का डीजीपी नियुक्त कुथा।

## जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक की जांच वाली पीआईएल पर हाईकोर्ट से जेएसएससी को नोटिस




**रांची:** झारखंड सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले में आज हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में उम्मीद थी कि परीक्षा पर स्टे लगाया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कोर्ट ने दिवाली और छठ के बाद अगली सुनवाई की तारीख 3 दिसंबर निर्धारित की है। इस बीच, जानकारी मिल रही है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का परिणाम राज्य में चल रही आचार संहिता के दौरान जारी नहीं किया जाएगा। हालांकि, आयोग की तरफ से इस संबंध में कोई आधिकारिक नोटिस अभी तक जारी नहीं किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी चुनावों के संपन्न होने तक परिणाम की घोषणा नहीं की जाएगी। खररउ द्वारा अभी तक इस मुद्दे पर कोई स्पष्टता नहीं दी गई है, जिससे परीक्षार्थियों में निराशा बढ़ रही है।

अगली सुनवाई में पेपर लीक मामले की स्थिति पर निर्णय लिया जाएगा, जिसके बाद ही आगे की प्रक्रिया स्पष्ट होगी। परीक्षार्थियों ने न्यायालय से उम्मीद जताई है कि जल्द ही इस मुद्दे का समाधान होगा।

# कांटाटोली फ्लाईओवर पर भीषण सड़क दुर्घटना, तीन गंभीर

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने डिजायर में मारी टक्कर



मेट्रो रेज

**रांची:** कांटाटोली फ्लाइओवर पर देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना घटी, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एकतरफा यातायात के कारण हुई। कोकर की ओर से आ रही स्कॉर्पियो (जेएच 01 एफपी-0009) ने बहू बाजार की ओर से आ रही डिजायर कार (जेएच 01 इआर-7411) में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोअर बाजार पुलिस ने तुरंत सदर अस्पताल भेजा। स्थानीय निवासी संजय सिंह, जो घटना के समय वहां मौजूद थे, ने बताया कि वह कोकर कि ओर अपने घर जा रहे थे। उन्होंने अचानक तेज आवाज सुनकर अपनी गाड़ी रोकी और देखा कि स्कॉर्पियो ने डिजायर कार को टक्कर मारी है। टक्कर के बाद कर डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना के बाद वहां चीख-पुकार मच गई, क्योंकि कार सवार मदद के लिए चिल्ला रहे थे। बताया गया कि टक्कर के बाद स्कॉर्पियो का चालक वाहन छोड़कर भाग गया। संजीत ने इस बारे में लोअर बाजार पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कार सवारों को अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू की। कार में काफी खून बिखरा हुआ था और वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी।

## झारखंड मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 20 अक्टूबर 2024 को होटवार परिसर खेल गांव में आयोजित किया गया । जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जवाहर झा द्वारा किया गया । समापन संजय राय ने किया। धन्यवाद मास्टर सचिव लक्ष्मण राम ने सभी खिलाड़ियों और अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद दिया। खेलकूद प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है 30 से 40 वर्ष के 100मत्स्य मीटर में 1),विजय सिंह,दुमका 2),भीम बहादुर, सिली,3), कनाल रांची 100 मीटर

40 से 49 तक 1), चन्दन कुमार 2),लखन 3) निरंजन 100 मीटर 500+,1),नीरजा महतो 2),नसीम 3)पैरामान गंजू 100 मीटर 60+में 1),, वीरेंद्र प्रसाद साहू, केके ठाकुर,डीके सिंह बोकारो1500मेट्स30+1) 1)धर्मनाथ महतो 2) रवि कुमार रांची40+1) सतीश चौरसिया 2),श्री यादव 3),श्री कुणाल 1500मीटर 50+1) संजय चक्रवर्ती 2),परमानंद गंजू 3), सुरजीत सिंह60+1),वीरेंद्र प्रसाद साहू 2)अनिल महतो 3),जहांगीर अंसारी

लॉन्ग जंप30+1,)सिकंदर पांडे 2),भीम बहादुर 3,) करण भगत 2 किलोमीटर वाकिंग 1 मधु उरांव 2 आर पी मुंडा3 अरुण कुमार झा शूट पुट60+1),ज्योति तिर्की,2,जवाहर झा,3,अशोक सिंह महिलाओं में 100 मीटर दौड़ में 30 प्लस एकता,2सशी प्रधान 3,सीता कुमारी100 मीटर 240+1 गुरबत सोय,2, सुचिता आर्य 3,कृपा तिर्की50+100 मीटर मेरी मुंझनी2) अनु सिंह, लोग जंप 1, मेरी2, अनु सिंह शॉटपुट फर्स्ट श्रुति कमन्ना तिर्की 30 + 40 +निर्मला कुमारी रवि 50 प्लस 2, सिनाम सिंह 1,प्रभा लाकड़ा,1, सुजाता भगत

200 मी महिलाओं का रस में 50 प्लस1, अन्नू सिंह2, नीलम देवी 3,सिनाम सिंह इस प्रतियोगिता का संचालन श्री जवाहर झा और संजय राय ने की आप लोग को जानकारी दे रहा हूं कि इस इलेक्शन के बाद दिल्ली में नेशनल गेम होंगे आप लोग उनके तैयारी जोर से लग जाए यह जानकारी झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के सचिव लक्ष्मण राम द्वारा दिया गया।

# नव जागृति संघ काली पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न, पंडाल निर्माण कार्य शुरू





**रांची:** नव जागृति संघ काली पूजा समिति, लोअर चुटिया महावीर मंदिर के तत्वावधान में होने वाली काली पूजा के लिए पंडाल का निर्माण शुरू हुआ। जिसके लिए भूमि पूजन पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष पंडाल को काल्पनिक रूप प्रदान किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से टेराकोटा अर्थात मिट्टी के खिलौने और बर्तनों को मुख्य रूप से प्रयोग कर पंडाल को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा साथ ही मिट्टी के बड़े बड़े घोड़ों का निर्माण भी कराया जा रहा है।जिसके निर्माण में बंगाल के कारीगर जोर शोर से लगे हुए है। मुख्य पूजा 31 अक्टूबर दिन गुरुवार को रात्रि 11 बजे प्रारंभ होगी। दैनिक पूजन मंगलवार को पूणार्हुति के साथ सम्पन्न होगी। जिसके उपरांत भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकली जाएगी। पूजा अंतराल में प्रतिदिन संध्या आरती के उपरांत भोग प्रसाद को व्यवस्था समिति के द्वारा की गई जिसमें अलग अलग दिन अलग प्रकार को भोग जैसे कि खीर, खिचड़ी, हलवा पूड़ी शामिल हैं। साथ ही इस वर्ष भी पुनः सर्वसम्मति से अमन साहू को अध्यक्ष चुना गया कार्यकारी अध्यक्ष अमित राम, सचिव मुकेश राम और कोषाध्यक्ष उज्जवल साहू को चुना गया और बाकी कार्य समिति के सदस्य पूरी कर्मठता से पूजा को सफल बनाने में अपना सहयोग दे रहें है।

## टिकट वितरण के बाद बीजेपी में बढ़ी अफरा-तफरी, स्थिति संभालने के लिए पार्टी ने बीएल संतोष को भेजा झारखंड



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष मंगलवार को रांची आ रहे हैं। टिकट वितरण के बाद बढ़ते असंतोष के बीच बीएल संतोष का दौरा महत्वपूर्ण है। बीएल संतोष पार्टी नेताओं संग बैठक करेंगे और नेताओं के पार्टी छोड़ने की घटना रोकने के उपाय करेंगे। प्रदेश कार्यालय में बीएल संतोष, बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं संग बैठक करेंगे।

## 23 हाथियों के झुंड ने हावड़ा-मुंबई रेलमार्ग पर मचाया उत्पात, 9.30 घंटे तक बाधित रहा परिचालन



**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा में हाथियों का झुंड आ जाने से हावड़ा मुंबई मुख्य मार्ग के चक्रधरपुर रेल मंडल में साढ़े नौ घंटे से ज्यादा ट्रेनों का परिचालन ठप्प पड़ गया। जानकारी के मुताबिक 23 हाथियों का झुंड रविवार की रात साढ़े सात बजे से बंडामुंडा रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरी और आसपास खड़े हो गए। जिसके कारण रेलवे ने ट्रेनों का परिचालन रात में रोक दिया।

हाथियों की झुंड जब सोमवार की अहले सुबह उस क्षेत्र से चला गया तब वन विभाग ने ट्रेनों को 10 किलोमीटर प्रतिघंटे से रफ्तार से चलाने की अनुमति दिया। इसके बाद अप रेल लाइन में सोमवार की अहले सुबह 04:35 बजे, डाउन रेल लाइन में सुबह 04:40 बजे के बाद से ट्रेनों का परिचालन 10 किलोमीटर प्रतिघंटे से रफ्तार शुरू हुआ।

## पांच हथियार व 82 राउंड गोली के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**लोहरदगाः** विधानसभा चुनाव से पहले लोहरदगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी हारिश बिन जमा को मिली को सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चार पिस्टल, एक देशी कट्टा और 82 राउंड गोली के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों का नाम कुन्दन गोप उर्फ लंगड़ा और चिरंजीव कृष्णा शामिल है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सपा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी भंडरा थाना क्षेत्र के जमगाई रोड पर हथियार की खेप लेकर जा रहा है। मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसके बाद पुलिस की टीम ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी में कुंदन गोप का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार अपराधियों में दोनों रांची जिला का रहने वाला है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,रामगढ़
(समाज कल्याण शाखा)
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
Email Id –dcpsramgarh@gmail.com

–: आवश्यक सूचना :–

बाल कल्याण समिति, रामगढ के पत्रांक 394/बा0क0स0, रामगढ़ दिनांक 18.10.2024 के आदेश के आलोक में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.10.2024 को गोला थाना अन्तर्गत घटवार टोला, हेसापोडा से शारीरिक रूप से अस्वस्थ स्थिति में एक नवजात बालक दुर्गेश (काल्पनिक नाम), उम्र – 15 दिन लगभग, पिता – अज्ञात, माता – अज्ञात मिला जिसे बाल कल्याण समिति, रामगढ के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। बाल कल्याण समिति, रामगढ के आदेशानुसार बच्चे को इलाज के बाद विशेष दत्तक ग्रहण संस्था में बेहतर देखभाल हेतु रखा गया है। बच्चे की पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार से है :–

नाम – दुर्गेश(काल्पनिक नाम),
उम्र – 15 दिन
पिता – अज्ञात
माता – अज्ञात
पता – अज्ञात
रंग – गोरा
ऊँचाई – 25 से0मी0
लिंग – पुरूष
वजन – 02 कि0ग्रा0



उक्त नवजात बच्चे के जैविक माता–पिता/अभिभावक, अगर इस बालक को पहचानते हैं या जानते हैं तो उचित प्रमाण पत्र के साथ अपना दावा विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दो माह के अन्दर प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा दो माह के पश्चात् बालक को कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु मुक्त घोषित कर दिया जायेगा, उसके बाद किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

सम्पर्क करने हेतु पता –
1.बाल कल्याण समिति, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ, पिन – 825101 , दूरभाष संख्या – 9504331523।
2.जिला बाल संरक्षण इकाई,समाज कल्याण, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ, पिन – 825101 दूरभाष संख्या – 8340458591।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,रामगढ़
PR 339337 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D

# चडरी सरना समिति मां काली पूजा महोत्सव का भूमि पूजन संपन्न





मेंट्रो रेज

**रांची:** चडरी सरना समिति में आज काली पूजा को लेकर भूमि पूजन संपन्न हुआ। समिति के सबलू मुंडा ने बताया कि दूसरे साल पूजा का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। सबलू मुंडा ने बताया कि पंडाल का स्वरूप काल्पनिक किया जा रहा है। पूजा का बजट लगभग 3 लाख है , 31 की रात को पूजा, 1 नवंबर को दिन भर भोग का वितरण किया जाएगा । शाम में महाराती का आयोजन किया गया है। 3 नवंबर को विशेषज्ञ शोभा यात्रा निकली जाएगी । भूमि पूजा पंडित विनोद मिश्रा ने संपन्न कराया । भूमि पूजन में मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह के साथ सबलू मुंडा,आनंद शंकर मुंडा,राहुल मुंडा,प्रकाश मुंडा,शंकर लिंडा, अजीत नायक, भोला केशरी, मोनू राज,भीम मंडल,उदय मुंडा,प्रेम लिंडा, अमित रॉय,सूरज वर्मा के साथ पूजा समिति के साथ और चडरी सरना समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,गुमला
(निर्वाचन शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 15.10.2024 को झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024 के घोषणा के उपरांत आचार संहिता लागू कर दी गई है। विधानसभा आम चुनाव 2024 के पारदर्शिता तथा आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु जिले में Complain monitoring Control Room & Call Centre का अधिष्ठापन किया गया है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरांत जिले के निर्वाचन कक्ष को हेल्पलाईन न0 06524–223686 एवं मतदाता हेल्पलाईन नम्बर 06524–1950 है।

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत उपरोक्त नम्बर पर संपर्क कर किया जा सकता है।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त गुमला
PR 339368 Election(24-25).D

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## विवादों के केंद्र में आरएसएस

**भारतीय** राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) किसी न किसी कारण से हमेशा चर्चा और विवादों के केंद्र में रहा है। अभी पिछले दिनों केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगे करीब छह दशक पुराने प्रतिबंध को हटाने का फैसला लिया है जिसे बुद्धिमत्तापूर्ण नहीं कहा जा सकता। जाहिर है कि राजनीतिक क्षेत्रों में इस फैसले की कड़ी आलोचना हो रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्मचारियों को वैचारिक आधार पर विभाजित करना चाहते हैं। वस्तुतः आरएसएस की चाहे जितनी आलोचना या निंदा की जाए लेकिन राष्ट्र के उत्थान में इस संगठन की सार्थक भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। ब्रिटिश सरकार में भी 1932 में सरकारी कर्मचारियों की आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया था लेकिन इस प्रतिबंध के कारण आरएसएस के विस्तार में रुकावट नहीं आई। यह संगठन अपने ध्येय को लेकर आगे बढ़ता गया। आरएसएस अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है और अब यह संगठन समाज की मुख्यधारा में है। आरएसएस पर महात्मा गांधी की हत्या,आपातकाल और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद प्रतिबंध लगाया गया। लेकिन क्या यह हैरानी की बात नहीं है कि इतने प्रतिबंधों के बावजूद इस संगठन से जुड़े.हुए लोग आज देश के शीर्ष पदों पर आसीन हैं। कुछ लोग संघ और सरकार के बीच संबंधों की तुलना चर्च और राज्य के रिश्ते से करते हैं। उनका विश्वास है कि धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक देश में चर्च और राज्य के बीच विभाजन रेखा का सम्मान किया जाता है लेकिन आरएसएस दावा करता है कि वह सामाजिकझ्रसांस्कृतिक संगठन है और राजनीति एवं धर्म से इसका दूर-दूर तक रिश्ता नहीं है। आरएसएस पर ब्रिटिश सरकार से लेकर आज तक हमले होते रहे हैं लेकिन अपनी स्थापना के सौ वर्षों में यह संगठन बरगद का रूप ले चुका है। पूर्वोत्तर भारत यदि देश की मुख्यधारा में शामिल हुआ है तो इसका श्रेय आरएसएस को ही दिया जाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के लिए आरएसएस का द्वार खोलने का केंद्र सरकार का फैसला एक नये विवाद को जन्म देने वाला है। संघ को इसकी कोई आवश्यकता नहीं थी।

## विपक्ष की सोच

**विपक्ष** ने बजट को दुराग्रही, भेदभावी और सत्यानाशी तक करार दिया है। अंतिम शब्द घोर असंसदीय है। विपक्ष की सोच बेहद नकारात्मक लगती है। विपक्ष के समवेत आरोप हैं कि गैर-भाजपा शासित राज्यों को ठन-ठन गोपाल रखा गया है। उन्हें कुछ भी नहीं मिला। उनके हिस्से की राशि भी केंद्र सरकार जारी नहीं कर रही। ये भाजपा के राजनीतिक पूर्वाग्रह हैं, लिहाजा बजट संविधान-विरोधी, संघीय ढांचे के खिलाफ, राजनीतिक खुन्नस का बजट है। यह अन्यायपूर्ण है, किसान-गरीब विरोधी है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि आंध्रप्रदेश और बिहार की थालियों में पकौड़े-जलेबी परोसे गए हैं, शेष थालियां खाली हैं। करीब 90 फीसदी राज्यों को कुछ नहीं दिया गया। खडगे जैसे वरिष्ठ और बुजुर्ग सांसद की यह टिप्पणी ही पूर्वाग्रही है, अतिरंजनापूर्ण है। उनसे सवाल है कि क्या इस तरह देश का आम बजट बनाया जा सकता है? यह संपूर्ण और राष्ट्रीय बजट राज्यों का निजी बजट नहीं है, बल्कि देश के संसाधनों और मंत्रालयों का हिसाब-किताब है। क्या यह भाजपा-एनडीए का घरेलू बजट है, जिसकी बंदरबांट कर ली गई? जहां तक बजट-भाषण में राज्यों के नाम का सवाल है, तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उप्र, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों का बजट-भाषण में उल्लेख तक नहीं किया। सरकार ने पूर्वोदय योजना की घोषणा की है, जिसमें बिहार, बंगाल, ओडिशा, झारखंड, आंध्रप्रदेश आदि राज्यों को रखा गया है। बहरहाल जिन राज्यों का जिक्र हमने किया है, उनमें से अधिकतर भाजपा-एनडीए शासित हैं। वित्त मंत्री तो क्या, प्रधानमंत्री भी अपने ही पक्ष की थाली को खाली नहीं रख सकते। ऐसा नहीं किया जा सकता, यह विपक्ष भी जानता है, लिहाजा बजट के मुद्दे पर संसद परिसर में ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों का विरोध-प्रदर्शन, पोस्टरबाजी और नारेबाजी तथा दोनों सदनों से बहिर्गमन करना बेमानी है। आरोपों के पलटवार में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन योजनाओं का खुलासा किया है, जिनके लिए बजट में आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने 76,000 करोड़ रुपए की बंदरगाह का उल्लेख किया है, जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। उसका उल्लेख बजट में करना अनिवार्य है, क्योंकि बंदरगाह के लिए राशि जारी होनी है। उप्र के संदर्भ में बुंदेलखंड के 7 जिलों में प्राकृतिक खेती, कुल 12 औद्योगिक पार्कों में से 2 पार्क उप्र में, 1000 से अधिक आईटीआई में से 100 से अधिकतर ऐसे संस्थानों को उप्र में ही अपग्रेड किया जाना है, इंटर्नशिप योजना में 2 लाख से अधिक युवा उप्र के, मुफ्त अनाज योजना में सर्वाधिक लाभार्थी उप्र के, प्रधानमंत्री पक्का घर योजना के नए चरण में सबसे अधिक मकान उप्र में बनेंगे, 20000 करोड़ का कर्ज ब्याज के बिना 50 साल की अवधि के लिए और 2.23 लाख करोड़ रुपए की हिस्सेदारी केंद्रीय टैक्स में आदि ऐसे विषय हैं, जिनका उल्लेख बजट में है। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु पर भी विपक्ष के दावे ठीक नहीं हैं।

# जोशीमठ और हिमालय

> हिमालय में करणीय और अकरणीय गतिविधियों की सूची बननी चाहिए और निर्माण कार्यों एवं उद्योग स्थापना, खनन आदि कार्यों में उसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। हिमालयी राज्यों की सरकारें केंद्र सरकार पर दबाव डाल कर पर्वतीय विकास के लिए अलग विकास मॉडल बनवाने का प्रयास करें और केंद्र सरकार एसजेड कासिम की अध्यक्षता वाली कमेटी की रपट का अध्ययन करके और वर्तमान में नीति आयोग द्वारा बनाए गए हिमालयी क्षेत्रीय परिषद को इस काम पर लगाना चाहिए और विश्वव्यापी अनुभवों के आधार पर पर्वतीय विकास का पर्यावरण मित्र मॉडल विकसित करना चाहिए, ताकि विकास की अंधी दौड़ में होने वाले स्थायी नुकसानों से बचा जा सके और टिकाऊ विकास का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

**कुलभूषण उपमन्यु**

हिमालयी राज्यों की सरकारें केंद्र सरकार पर दबाव डाल कर पर्वतीय विकास के लिए अलग विकास मॉडल बनवाने का प्रयास करें और केंद्र सरकार एसजेड कासिम की अध्यक्षता वाली कमेटी की रपट का अध्ययन करके और वर्तमान में नीति आयोग द्वारा बनाए गए हिमालयी क्षेत्रीय परिषद को इस काम पर लगाना चाहिए और विश्वव्यापी अनुभवों के आधार पर पर्वतीय विकास का पर्यावरण मित्र मॉडल विकसित करना चाहिए।

जोशीमठ की त्रासदी ने पूरे देश को अचंभित ही नहीं किया है बल्कि हिमालय में विकास की गाड़ी की दिशा पर भी अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। सदियों पुराना शहर आखिर धंस क्यों रहा है। वैसे तो आजादी के बाद से ही हिमालय के लिए विकास योजना को इस क्षेत्र की भौगोलिक और पर्यावरण की विशिष्टता के कारण अलग दृष्टि से देखा जाने लगा था। इसी कारण योजना आयोग में भी हिमालय का अलग सेल हुआ करता था। अब नीति आयोग में भी हिमालयन क्षेत्रीय परिषद का गठन किया गया है ताकि हिमालय की विशिष्ट नाजुक स्थिति को ध्यान में रख कर विकास गतिविधियों का खाका बनाया जा सके। 1992 में डा. एसजेड कासिम की अध्यक्षता में योजना आयोग ने हिमालय में विकास की दिशा और दशा को निर्धारित करने के लिए एक ग्रुप का गठन किया था जिसकी रपट 1992 में ही आ गई थी। किन्तु इस तरह की तमाम कोशिशों के बावजूद हिमालयी क्षेत्र में विकास के लिए कोई अलग मॉडल विकसित नहीं किया जा सका, जिसका मुख्य कारण यह रहा है कि हिमालयी संसाधनों पर तो योजनाकारों की नजर रही, किन्तु उनके दोहन या दोहन के तरीकों के कारण कितनी विपदाएं हमें घेर सकती हैं और देश के लिए हिमालय द्वारा की जा रही पर्यावरणीय सेवाओं पर कितना विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, इस ओर किसी ने नहीं सोचा। बातें तो हुई किन्तु जमीन पर कुछ उतर नहीं सका। इसी का नतीजा है कि हिमालय में मनमानी उखाड़ पछाड़ विकास के लिए की गई जो अब तक जारी है और कमेटियों या हिमालयी विकास को दिशा देने के लिए बनाए गए ग्रुपों की संस्तुतियां धूल फांक रही हैं। जो लोग हिमालय के साथ मनमानी छेड़छाड़ का विरोध करते हैं उनको विकास विरोधी ठहरा कर चुप करवाने के प्रयास होते रहते हैं। मामला एक जोशीमठ का नहीं है, हिमालय में जहां भी अंधाधुंध विकास का मॉडल लागू किया गया है वहां कमोबेश इसी तरह की समस्याएं सामने आई हैं। किन्तु उनको लीपापोती वाली भाषा से टालने का काम ही किया गया है। समाधान तलाशने की ओर देखा नहीं गया है। हिमालय वासी स्वयं भी इस मामले में ज्यादा जागरूक नहीं रहे हैं। विकास के अंध पैरोकारों के दबदबे ने विरोध के स्वरों को दबा दिया। पर्यावरणीय दृष्टि से कुछ सावधानियां प्रयोग करने के लिए भी जो छोटे-मोटे प्रावधान हुए हैं उनको भी लागू करने की व्यवस्थाएं इतनी लचर और प्रोजेक्ट लागू करने वालों को अंधी छूट देने वाली साबित हुई हैं जिससे उन प्रावधनों का महत्व ही समाप्त हो जाता है। पर्यावरणीय प्रभाव आकलन जनसुनवाई कभी भी लोगों को जागरूक करके नहीं होती है बल्कि कोशिश की जाती है कि लोगों को कम से कम पता लगे ताकि योजना निमार्ता अपने समर्थकों को इकट्ठा करके योजना के हक की बातों को आगे लाकर अपना रास्ता साफ कर सकें। प्रभाव आकलन का काम परियोजना निमार्ताओं द्वारा तैयार रिपोर्ट के आधार पर ही किया जाता है। जाहिर तौर पर निमार्ता परियोजना से खतरों को कम करके दिखाता है। परियोजना प्रभाव आकलन रिपोर्ट स्वतंत्र एजेंसी से बनवानी चाहिए। मौके पर निर्माण कार्य कैसे चल रहा है, कोई नहीं देखता। यहां तक कि निर्माण कार्यों में निकलने वाले मलबे की डम्पिंग करने के प्रावधानों का खुला उल्लंघन होता है किन्तु कोई नहीं सुनता। हिमालय में बन रही सडकों या विद्युत परियोजनाओं में ऐसी घटनाएं हर कहीं सामान्य बात बन गई हैं। निर्माण स्थलों पर वनों की स्वीकृति से कई गुणा ज्यादा तबाही की जाती है किन्तु कोई नहीं देखता। कुछ प्रोजेक्टों पर जुमार्ने भी लगे हैं किन्तु फिर भी मनमानी कहां रुकती है। गढ़वाल के चंबा से भी कुछ मकान धंसने की खबरें आ रही हैं।

उत्तराखंड में और भी कई इलाके खासकर बिजली प्रोजेक्टों और बड़ी खुली फोरलेन सडकों के कारण खतरे में आ रहे हैं। हिमाचल भी इस तरह की त्रासदी से बचा नहीं है। प्रदेश में 450 के करीब जल विद्युत परियोजनाएं बन चुकी हैं, जिनसे 12000 मेगावाट बिजली पैदा हो रही है। सरकार की 27000 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना है। इन परियोजनाओं से जगह-जगह बस्तियों को खतरा पैदा हुआ है। नाथपा झाकड़ी परियोजना की सुरंग के ऊपर बसे नाथपा, कंडार और निगुल्सेरी गांव धंसने लगे हैं। किन्नौर से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर कड़छम वांगतू प्रोजेक्ट सुरंगें गुजरने के कारण उर्नी ढांक में एक स्थाई भूस्खलन बन गया है। जंगी-ठोपन परियोजना का कार्य अभी चल रहा है जिससे जंगी,रारंग, अक्पा और खदरा गांव को खतरा पैदा हो गया है। भरमौर में बन रही होली-बजोली परियोजना की टनल में दरार आने से ज्न्दौता गांव को भारी नुकसान हुआ है। जमीन धंस रही है, कई मकानों में दरारें आ गई हैं। हिमाचल में चार फोरलेन सडकें बन रही हैं। उनके निर्माण में भी नुकसान हो रहा है जिसका कोई जायजा नहीं लिया जा रहा है। तात्पर्य यह है कि हिमालय में बड़े पैमाने के निर्माण कार्य बहुत सावधानी से किये जाने चाहिए और इसके लिए पर्वतीय विकास का अलग मॉडल विकसित किया जाना चाहिए जिसके लिए हिमालयी क्षेत्रों से लंबे समय से आवाजें उठाई जा रही हैं, किन्तु कोई परिणाम अभी तक सामने नहीं आया है। हिमालय में करणीय और अकरणीय गतिविधियों की सूची बननी चाहिए और निर्माण कार्यों एवं उद्योग स्थापना, खनन आदि कार्यों में उसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। हिमालयी राज्यों की सरकारें केंद्र सरकार पर दबाव डाल कर पर्वतीय विकास के लिए अलग विकास मॉडल बनवाने का प्रयास करें और केंद्र सरकार एसजेड कासिम की अध्यक्षता वाली कमेटी की रपट का अध्ययन करके और वर्तमान में नीति आयोग द्वारा बनाए गए हिमालयी क्षेत्रीय परिषद को इस काम पर लगाना चाहिए और विश्वव्यापी अनुभवों के आधार पर पर्वतीय विकास का पर्यावरण मित्र मॉडल विकसित करना चाहिए, ताकि विकास की अंधी दौड़ में होने वाले स्थायी नुकसानों से बचा जा सके और टिकाऊ विकास का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

# गरीबों के सशक्तिकरण की पहल

> देश में मानव पूंजी के निर्माण में कोरोना महामारी ने जोखिम बढ़ाई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि विगत 6 दिसंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि देश में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोए तथा केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों तक जिस तरह मुफ्त अनाज पहुंचाया है, वह व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। निश्चित रूप से पूर्व में भी कोविड–19 के बीच गरीबों को महंगाई और भूख की चुनौती से बचाने के लिए भारत में अपनाई गई मुफ्त अनाज वितरण की प्रभावी पहल को दुनियाभर में रेखांकित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर 2020–21 के प्रभावों को अध्ययन में शामिल करते हुए कहा गया है कि सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम से लॉकडाउन के प्रभावों तथा महंगाई की गरीबों पर मार कम हुई।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

देश में गरीबी, कुपोषण और भूख की चिंताएं कम करने के लिए इस क्षेत्र की ओर कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीआरआर) व्यय का प्रवाह बढ़ाकर भी बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी तथा कुपोषण की पीड़ाओं से राहत दी जानी होगी। हम उम्मीद करें कि नए वर्ष 2023 में कोरोना के नए संक्रमण तथा वैश्विक मंदी की चुनौती के बीच केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2023 में वर्ष भर राशन प्रणाली के तहत देश के गरीब व कमजोर वर्ग के 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज दिए जाने का निर्णय गरीबों के कल्याण और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे कमजोर वर्ग के करोड़ों लोगों को महंगाई और मंदी की चुनौती से बचाते हुए गरीबी के नए दलदल में फंसने से बचाया जा सकेगा। एक जनवरी से नए वर्ष 2023 में वर्षभर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी यानी करीब 81.35 करोड़ लोगों को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की नई पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक सरकार ने 2023 में वर्षभर गरीबों की खाद्य सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए मुफ्त अनाज वितरण का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि देश में राशन प्रणाली के तहत प्रत्येक सामान्य उपभोक्ता को हर महीने पांच किलो की दर से अनाज वितरित किया जाता है, जबकि अंत्योदय वर्ग के उपभोक्ताओं को अनाज की यह मात्रा सात किलो प्रति व्यक्ति होती है। यानी प्रत्येक सामान्य परिवार को 25 किलो और अंत्योदय वर्ग के परिवार को 35 किलो अनाज दिया जाता है। अब तक जहां तीन रुपए प्रति किलो की दर से चावल, दो रुपए प्रति किलो की दर से गेहूं और एक रुपए प्रति किलो की दर से मोटा अनाज दिया जाता है। अब राशन कार्डधारक उपभोक्ताओं को सस्ती दर की राशन दुकानों पर कोई भुगतान नहीं करना होगा। ज्ञातव्य है कि सरकार ने पिछले करीब ढाई वर्ष से चली आ रही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत पांच किलो अतिरिक्त अनाज मुफ्त दिए जाने की योजना खत्म कर दी है। यद्यपि सरकार के इस निर्णय से केंद्र सरकार के खजाने पर दो लाख करोड़ रुपए का बोझ आएगा, लेकिन इस नई व्यवस्था से जहां गरीबों की खाद्य सुरक्षा निश्चित होगी, वहीं खाद्य सुरक्षा व गरीबी कल्याण योजना को एक किए जाने से सब्सिडी में बचत होगी। साथ ही खाद्यान्न भंडार में अतिरिक्त अनाज की मौजूदगी बाजार में खाद्यान्न की कीमतों को नियंत्रित करते हुए दिखाई दे सकेगी। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ वैश्विक मंदी और अब चीन सहित दुनिया के कई देशों में कोहराम मचा रहे ओमिक्रान बीएफ.7 के कारण वैश्विक आपूर्ति में बाधाओं से गरीबों के कल्याण की चुनौती और बढ़ गई है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती गरीबी पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि कोरोना काल के कारण निर्मित भारत में गरीबी, बेरोजगारी तथा मानव विकास सूचकांक में गिरावट का असर अभी भी बना हुआ है। वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया है। पिछले वर्ष 2021 में प्रकाशित इस सूचकांक में भारत 131वें पायदान पर था। यद्यपि पिछले दशक में देश में जिस तेजी से गरीबी और भूख की चुनौती में कमी आ रही थी, उसे अकल्पनीय कोरोना संकट ने बुरी तरह प्रभावित किया है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रकाशित दि स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन दि वर्ल्ड रिपोर्ट-2022 के अनुसार 2004 में भारत की 24 करोड़ आबादी कुपोषित थी, यह संख्या घटते हुए 2021 में 22.4 करोड़ पर पहुंच गई है। देश में मानव पूंजी के निर्माण में कोरोना महामारी ने जोखिम बढ़ाई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि विगत 6 दिसंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि देश में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोए तथा केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों तक जिस तरह मुफ्त अनाज पहुंचाया है, वह व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। निश्चित रूप से पूर्व में भी कोविड-19 के बीच गरीबों को महंगाई और भूख की चुनौती से बचाने के लिए भारत में अपनाई गई मुफ्त अनाज वितरण की प्रभावी पहल को दुनियाभर में रेखांकित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर 2020-21 के प्रभावों को अध्ययन में शामिल करते हुए कहा गया है।

# शुभ-कल्याण

## चिंतन-मनन

शिव का अर्थ है शुभ'। शंकर का अर्थ होता है कल्याण करने वाले। निश्चित रूप से उन्हें प्रसन्न करने के लिए मनुष्य को उनके अनुरूप ही बनना पड़ेगा। शंकर जी के ललाट पर स्थित चंद्र, शीतलता और संतुलन का प्रतीक है। विश्व कल्याण का प्रतीक और चन्द्रमा सुन्दरता का पर्याय है,जो सुनिश्चित ही शिवम से सुन्दरम को चरितार्थ करता है। सिर पर बहती गंगा शिव के मस्तिष्क में अविरल प्रवाहित पवित्रता का प्रतीक है। भगवान शिव का तीसरा नेत्र विवेक का प्रतीक है, जिसके खुलते ही कामदेव नष्ट हुआ था अर्थात विवेक से कामनाओं को विनष्ट करके ही शांति प्राप्त की जा सकती है। सर्पों की माला दुष्टों को भी गले लगाने की क्षमता तथा कानों में बिच्छू, बर्र के कुण्डल अर्थात कटु एवं कठोर शब्द को सुनने की सहनशीलता ही सच्चे साधक की पहचान है। मृगछाल निरर्थक वस्तुओं का सदुपयोग करना और मुण्डों की माला,जीवन की अंतिम अवस्था की वास्तविकता को दशार्ती है। भस्म लेपन, शरीर की अंतिम परिणति दशार्ता है। शिव को नील कंठेश्वर कहते हैं। पुराणों में समुद्र मंथन की कथा आती है। समुद्र से नाना प्रकार के रत्न निकले जिनको सभी देवताओं ने अपनी इच्छानुसार हथिया लिया। अमृत देवता पी गये, वारुणि राक्षस पी गये। समुद्र से जहर निकला। सारे देवी- देवता समुद्र तट से भाग खड़े हुए। जहर की भीषण ज्वालाओं से सारा विश्व जलने लगा तब शिव आगे बढ़े और कालकूट प्रलयंकर बन गए और नीलकंठ देवाधिदेव महादेव कहलाने लगे। हमारे कुछ धार्मिक कहे जाने वाले व्यक्तियों ने शिव पूजा के साथ नशे की परिपाटी जोड़ रखी है। भांग, धतूरा, चिलम गांजा जैसे घातक नशे करना मानवता पर कलंक है। अतः शंकर भक्त को ऐसी बुराइयों से दूर रहकर शिव के चरणों में बिल्व पत्र ही समर्पित करना चाहिए। बेल के तीन पत्र हमारे लोभ, मोह, अहंकार को मिटाने में समर्थ है। शंकर जी हाथ में त्रिशूल इसलिए धारण किए रहते हैं। जिससे दुःखदायी इन तीन भूलों को सदैव याद रखा जाए। नशेबाजी एक धीमी आत्म हत्या है। इस व्यक्तिगत और सामाजिक बुराई से बचकर नशा निवारण के संकल्पों को उभारना ही शंकर की सच्ची आराधना है। शंकर के सच्चे वीरभद्र बनने की आवश्यकता है। वीरता अभद्र न हो तो संसार के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय मिल सकता है।

## आपके पत्र

### जल्द बनायी जाये सड़क

एक तरफ झारखंड के साहिबगंज जिले से बिहार के कटिहार जिले के मनिहारी तक के लिए करोड़ों की लागत से गंगा नदी पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है वहीं दूसरी ओर कटिहार जिले के मनिहारी अनुमंडल अस्पताल के सामने रोड की स्थिति बेहद खराब है। इस कारण हमेशा दुर्घटना होने का भय बना रहता है। कटिहार,मनिहारी आने-जाने वाले यात्रियों को इसी जर्जर सड़क से गुजरना पड़ता है। आपके समाचार पत्र के माध्यम से यहां के प्रशासनिक अमले से अपील है कि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कराएं।

**आरपी सिंह,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## शपथ दिलाई गई कि वह मतदान के प्रति जागरुक रहेंगे सेविकाएं




**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं स्वीप कोषांग के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता के प्रति बरहेट प्रखंड अंतर्गत तलबडीया बुथ नं 134 में एवं बोरियों प्रखंड के अंतर्गत बूथ नंबर 105 में पीभीटीजी मतदाताओं को जागरूकता हेतु कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर उम्र के अंदर मतदाताओं को स्थानीय पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं अपील किया गया। कि वह अपने नजदीकी बूथ में अपना मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता व अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया एवं शपथ दिलाई गई कि वह मतदान के प्रति जागरुक रहेंगे और जागरूक करेंगे।मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाएं व स्थानीय लोक उपस्थित थें।

## मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें : सिविल सर्जन



**साहिबगंज :** इन दिनों बढते बिमारी को देखते हुए इस संदर्भ में शाम 7:15 बजे सिविल सर्जन साहिबगंज डॉक्ट प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतना का औचक निरक्षण किया। प्रसव कक्ष में जन्म हुए जुड़वा बच्चों का हलचल जाने साथ ही रोस्टर ड्यूटी के अनुसार चिकित्सक पैरामेडिकल कर्मियों की उपस्थिति को देखे।निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा चिकित्सक और सभी पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया। जबकि किसी प्रकार की सिकायत मिलने पर कडी से कडी कार्यवाही करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी ।सभी स्वाथ्य कर्मचारी से अनुरोध करते हैं ।कि अपना कर्तव्य समझदारी करे।

## लातेहार में रांची से गढ़वा जा रही यात्री बस से 15 लाख कैश बरामद

**लातेहार :** लातेहार पुलिस ने रांची से गढ़वा जा रही अर्श ट्रैवल नाम के यात्री बस से 15 लाख कैश बरामद किये हैं. मंगलवार की सुबह चंदवा थाना क्षेत्र स्थित चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस की टीम ने यह रुपये बरामद की. बस की रेलिंग में रुपए को छिपाकर रखा गया था. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रांची से गढ़वा जा रही यात्री बस को चंदवा में चेक पोस्ट के समीप चेकिंग करने के लिए रोका गया. इसी दौरान बस से 15 लाख रुपये बरामद हुए. हालांकि यह रुपया किसका है, अब तक यह पता नहीं चल पाया है. बरामद रुपए में 500, 200 और 100 रूपया के नोट हैं. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव को लेकर जगह-जगह चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही है.

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**पलामू:** पलामू में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पलामू पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान के तहत दो चकिया वाहन, चार चकिया वाहन, यात्री बसों सहित अन्य वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ली गई. यह सुरक्षा अभियान चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों या संदिग्ध सामग्रियों की आवाजाही पर रोक लगाई जा सके. पलामू पुलिस प्रशासन जनता से अपील करती है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें. पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि चुनाव प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके.

## डीसी ने नागपुरी वीडियो एलबम का किया विमोचन

**लातेहार:** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व उपविकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह तथा अपर समाहर्ता रामा रविदास ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में मतदाता जागरूकता को लेकर बनाये गये नागपुरी वीडियो एलबम का विमोचन किया. इस एलबम का नाम चला सभे करे मतदान है. एलबम में अपनी आवाज दी है मशहूर कुड़ख व नागपुरी गायक व निर्देशक रविकांत भगत व रीला कुमारी. रविकांत लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के बनहरदी-बारी ग्राम निवासी हैं. एलबम में संगीत सुकुल उरांव व निर्देशन जीतेंद्र भगत ने किया है. इसमे रिंकू उरांव, लवकेश, शारदा, मोनिका टोप्पो व पिंटू उरांव ने अभिनय किया है. मौके पर संबोधित करते हुए उपायुक्त गुप्ता ने कहा कि आम मतदाता को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा इस वीडियो एलबम का निर्माण कराया गया है. उन्होंने कहा कि इस एलबम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया है. उन्होने निर्भिक हो कर मतदान करने की अपील की है. मौक पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी जगतमणी टोप्पो व जिला जनंसपर्क पदाधिकारी डा चंदन आदि मौजूद थे.

## डीसी ने मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

**लातेहार:** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से दो मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. बता दें कि लातेहार एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान किया जाएगा. यह जागरूकता रथ लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में रोस्टर अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगी. जिले के मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, मतदान में भाग लेने, युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियो का आयोजन किया जा रहा है.

# जारी हुई दूसरे व अंतिम चरण की अधिसूचना, नामांकन प्रक्रिया शुरू

### उपायुक्त ने की प्रेस कांफ्रेंस, कहा शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रशासन तैयार

### 29 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक होगा नामांकन




मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज:** विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को अधिसूचना जारी हो गयी। इसके जारी होते ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमन्त सती ने समाहरणालय स्थित सभागार में प्रेस कांफ्रेंस कर चुनावी तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के तीन विधानसभा राजमहल, बोरियो व बरहेट में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इसके लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इसके साथ ही नाजिर रसीद की खरीद बिक्री सहित नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक होगा नामांकन प्रक्रिया चलेगी। आरओ कक्ष से 100 मीटर की परिधि के अंदर प्रत्याशी सहित कुल 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकते है। उम्मीदवारों का नाम निर्देशन पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक होगा। निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष में लगी दीवार घड़ी का समय ही मान्य होगा। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में सी0सी0 टी0वी0 कैमरा लगाया गया है तथा नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि आचार संहिता का पालन करना सभी राजनीतिक दलों तथा उम्मीदवारों को अतिआवश्यक है।राजमहल विधानसभा के उम्मीदवारों को 10 हजार की नाजिर रसीद कटानी होगी। वहीं नामांकन राजमहल अनुमण्डल कार्यालय के कोर्ट रूम से 22 अक्टूबर से 29 अक्टूबर की सुबह 11 बजे से कपिल कुमार हैं।बोरियो विधानसभा के लिए साहिबगंज अनुमण्डल कार्यालय के कमरा नम्बर 106 में नाजिर रसीद व नामांकन फॉर्म मिलेगा। बोरियो विस के लिए नाजिर रसीद पांच हजार का कटेगा। वही उम्मीदवार नामांकन सदर एसडीओ सह बोरियो विस आरओ अंगार नाथ स्वर्णकार के कक्ष में नामांकन पत्र जमा करेंगे। आरओ कक्ष में उम्मीदवार के साथ मात्र 04 लोग ही प्रवेश करेंगे। उम्मीदवार को नामांकन फॉर्म के साथ जाति प्रमाण पत्र भी देना होगा।बरहेट विधानसभा के लिए समाहरणालय स्तिथ अपर समाहर्ता कक्ष में नाजिर रसीद व नामांकन मिलेगा। बरहेट विस के लिए नामांकन नाजिर रसीद पांच हजार का कटेगा। वही उम्मीदवार नामांकन फॉर्म अपर समाहर्ता सह आरओ गौतम भगत के कक्ष में जमा होगा। आरओ कक्ष में उम्मीदवार के साथ मात्र 04 लोग ही प्रवेश करेंगे। उम्मीदवार को फॉर्म के साथ जाति प्रमाण पत्र भी देना होगा।

## अभ्यार्थियों के दिए गए भाषण को भी रिकॉर्ड करना है : झुनू कुमार मिश्रा



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह- नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग झुनू कुमार मिश्रा के उपस्थित में विधानसभा चुनाव 2024 के कार्यों में लगें वीडियोग्राफर को उनके उत्तरदायित्व का प्रशिक्षण दिया गय। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि यदि उनकी प्रतिनियुक्ति भीएसटी टीम के साथ होती है। तो उनको किसी सभा या रैली जिसमें अभ्यर्थी के द्वारा उपयोग किए गए प्रत्येक सामग्री , चुनाव प्रचार से संबंधित वस्तु जैसे पोस्टर, पम्पलेट, झंडा, मंच का आकार ,कुर्सियों की संख्या इत्यादि का इस प्रकार से वॉइस मोड में वीडियो रिकॉर्डिंग करना है।कि इसकी संख्या काउंट की जा सके। इसके साथ-साथ अभ्यार्थियों के द्वारा दिए गए भाषण को भी रिकॉर्ड करना है। ताकि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कोई बातें यदि कहीं गई है तो उसका भी मूल्यांकन किया जा सके। यदि उनकी प्रतिनियुक्ति एसएसटी टीम के साथ होती है। तो चेकनाका पर प्रत्येक वाहन को रोकने से लेकर समस्त जांच प्रक्रियाओं का रिकॉर्डिंग करना है। वहीं यदि उनकी ड्यूटी एफएसटी टीम के साथ होती है तो उनको प्रत्येक जगह पर जाने के बाद प्रत्येक जांच का इसी प्रकार से वीडियो लेना है। इसके अलावा फैसिलिटेशन सेंटर ,पीवीसी एवं होम वोटिंग प्रक्रिया का रिकॉर्डिंग लेना होता है।लेकिन यह ध्यान रखते हुए कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे,अर्थात वोटिंग कंपार्टमेंट के तरफ वीडियो नहीं लेना है, जिन मतदान केंद्रों में किसी वीडियोग्राफर की ड्यूटी होगी वहां भी मतदान की गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए ही वीडियो रिकॉर्ड करना है।मौके पर प्रशिक्षक के रूप में सुभाषित कुमार झा एवं निर्वाचन कार्य में जुड़े वीडियोग्राफर टीम उपस्थित थे।

## बहादुर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दी थी : थाना प्रभारी



साहिबगंज/उधवा : जिले के राधानगर थाना परिसर में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चीनी सेना के साथ संघर्ष में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस बहादुर जवानों की मौत पर पुलिस बलों ने शहीदों को याद किया एवं दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने पुलिस कर्मियों को स्मृति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कर्तव्य निष्ठा का संकल्प दिलाया और राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने पुलिस बलों को बताया कि चीनी सेना के साथ संघर्ष में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस बहादुर जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन्हीं वीर जवानों की याद में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को संपूर्ण भारत के पुलिस जन वीरगति को प्राप्त हुए अपने साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।मौके पर राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय,सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी, फुलेश्वर कुमार एकेला, शिवानंद प्रसाद, कन्हाई टूडू, एएसआई कार्तिक उरांव,मनोज पासवान, अर्जुन प्रसाद सिंह समेत अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में झारखंड राज्य के दलनायक के रूप में नेतृत्व करेंगे प्रोफेसर प्रशांत

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आगामी 10 नवंबर से 19 नवंबर तक बी आई टी पटना में आयोजित किए जाने वाले पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 सेंट्रल जोन में झारखंड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के दल प्रमुख के रूप में साहिबगंज महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर कुमार प्रशांत भारती को नेतृत्व हेतु आमंत्रित किया गया है।इस बाबत प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस आर आई रिजवी ने उन्हें पत्र सौंपा।वही साहिबगंज महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट वन की स्वयंसेविका स्नेहा कुमारी का चयन उक्त शिविर हेतु हुआ है।इस शिविर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वयं सेवकों को आगामी 26 जनवरी 2025 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ पर आयोजित होने वाले परेड




कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।वही एनएसएस की स्वयंसेविका न्यासा भारती को सफलतापूर्वक हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में आयोजित हुए साहसिक शिविर में हिस्सेदारी के लिए प्राचार्य ने सम्मानित किया।इन लोगों की उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शिक्षकेतर कमीयों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## प्रकाश राम व हरिकृष्ण सिंह ने नामांकन पत्र खरीदा

**लातेहार:** लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम (लातेहार) और हरिकृष्ण सिंह (मनिका) ने सोमवार को अपना-अपना नामांकन प्रपत्र खरीदा. बता दें कि इन दोनो विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 13 नवंबर को मतदान होगा. 18 अक्टूबर से नामांकन प्रपत्रों की बिक्री प्रारंभ हो गई है. तीसरे दिन सोमवार को लातेहार विधानसभा से तीन नामांकन प्रपत्र की बिक्री हुई है. नामांकन प्रपत्र क्रय करने वालों में भाजपा के घोषित प्रत्याशी प्रकाश राम पिता स्व कैलाश राम ग्राम व प्रखंड बारियातू, ब्रह्मदेव राम पिता स्व नरेश मोची रहमत नगर बालुमाथ तथा शिवनाथ रजक पिता रामबिलास बैठा सेरेगड़ा प्रखंड हेरंहज का नाम शामिल है.

मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए महुआडांड अनुमंडल कार्यालय मे सोमवार को मात्र एक नामांकन प्रपत्र की बिक्री हुई है. नामांकन प्रपत्र क्रय करने वाले में भाजपा के घोषित प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह पिता स्व रामसुंदर सिंह ग्राम पसागन पंचायत पल्हैया प्रखंड मनिका का नाम शामिल है. बता दें कि भाजपा को छोड़ किसी अन्य दल ने यहां अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है. नामांकन प्रपत्र बिक्री को लेकर लातेहार व महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय परिसर मे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है. अनुमंडल कार्यालय मे प्रवेश से पहले पुलिस जवान द्वारा हर आने जाने वाले लोगो की मेटल डिटेक्टर से जांच की जा रही है. दोनों कार्यलाय मे सीसीटीवी कैमरा से निगरानी हो रही है.

## आप सभी विपक्षी पार्टियों के भ्रामक छल कपट में ना आए : जमीरुल सेख

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** बुथ कमेटी की समीक्षात्मक चर्चा तथा विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को बरहरवा प्रखंड अन्तर्गत रिसोर पंचायत के गोरा ग्राम में कांग्रेस कार्यकताओं ने बैठक किया।बैठक की अध्यक्षता जमीरुल सेख ने किया।बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर कांग्रेस कोर कमेटी के कनवेनर सह पार्टी के जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान और कोर कमेटी के सदस्य मोहम्मद नसीरुद्दीन,तमिजुद्दीन शेख शरतचंद्र मंडल भी इस बैठक में उपस्थित थे।आयोजित बैठक में बूथ कमेटी के पिछले क्रियाकलापों की समीक्षा की गई व कमेटी के सभी सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई गई योजना के बारे में जन-जन को जागरूक करने का निर्देश दिया गया।उपस्थित बूथ कमेटी के सदस्यों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक विचारधारा की पार्टी है। जो सिर्फ और सिर्फ समाज के सभी वर्ग के लोगों की हितों की राजनीति करती है।यही वजह है कि महागठबंधन की सरकार ने एक तरफ जहां पूरे झारखंड में बकाया बिजली बिल माफ किया।वही मैया सम्मान योजना तथा अबूवा आवास के तहत गरीब तबके के लोगों को घर एवं अनुदान राशि देकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया।इतना ही नहीं हमारी सरकार सावित्री बाई फूलो योजना के तहत शिक्षण रत किशोरियों को भी लाभ दिलाने का काम किया।उन्होंने आगे बताया कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पुल पुलिया



तथा सड़कों का जाल बिछाकर जहां कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र में रोजगार के संसाधन उत्पन्न करने का काम किया वही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न छोटे-बड़े नदियों में चेक डैम बनाकर किसानों के खेतों को पानी पहुंचाने का जो सराहनीय कार्य किया है। वह आप लोगों के सामने है।उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि आप लोग विपक्षी पार्टियों के भ्रामक एवं छल कपट में ना आए आप अपने कीमती मतों की ताकत को समझेंकांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता 24 घंटा आप लोगों के सेवा के लिए तत्पर है और आगे भी रहेगा कभी किसी को किसी प्रकार की परेशानी होने की स्थिति में हम सभी लोग आपके साथ हैं इसके अलावा उन्होंने अपने अभिभाषण में सरकार द्वारा चलाई गई योजना के बारे में भी विस्तृत रूप से लोगों को जानकारियां दी और आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।इस दौरान समाउल रहमान, अलाउद्दीन शेख,ओबेदुर रहमान, विजय कर्मकार, मनोज, श्रवण, शोस्टी रजक, ललिता देवी,शीला देवी, जयंत रजक सावित्री देवी,प्रवीर रजक, नेपाल रजक,जियाउल हक, मोरसलीम, फिरोज अली, तिनकौड़ी चौधरी,सजीत सरदार, अमरनाथ रजक, सराफत अली, सोहेल, भरत रजक, अबु ताहीर, देवी बागती के अलावे काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अजय देवगन की सिंघम अगेन में नहीं दिखेगा चुलबुल पांडे का जलवा, रिलीज से पहले मेकर्स ने लिया बड़ा फैसला



इस साल 2024 में दिवाली के मौके पर दो बड़ी फिल्में आपस में टकराने वाली हैं। पहली अजय देवगन की कॉप यूनिवर्स फिल्म सिंघम अगेन और दूसरी कार्तिक आर्यन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 । दोनों ही फिल्मों का इंतजार दर्शक लंबे समय से कर रहे हैं। एक तरफ जहां भूल भुलैया 3 के मेकर्स ने दो मंजुलिका का ट्विस्ट देकर लाइमलाइट बटोरी है। तो वहीं, दूसरी तरफ सिंघम अगेन के मेकर्स ने फिल्म में सूर्यवंशी के साथ-साथ दबंग खान की एंट्री से अटेंशन। इसी बीच अब खबर आ रही है कि सिंघम अगेन में सलमान खान

**क्या है पूरा मामला?**

अजय देवगन की फिल्म में सूर्यवंशी बने अक्षय कुमार और सिंबा बने रणवीर सिंह की एंट्री ने दशकों की एक्साइटमेंट को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया था। और खबर आई थी कि फिल्म में चार चांद लगाने के लिए दबंग खान भी नजर आएंगे। दरअसल, 12 अक्टूबर को एनसीपी नेता बाबा





नहीं नजर आएंगे, जिसकी वजह से फिल्म का हाइप कम हो सकता है।

**सिंघम अगेन में नहीं होगा सलमान का कैमियो:** रोहित शेट्टी की निर्देशित सिंघम अगेन को लेकर बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट सामने आई है। जिसके अनुसार अब फिल्म में सलमान खान का कैमियो नहीं होगा। इसका फैसला रोहित शेट्टी और अजय देवगन ने आपसी सहमति से लिया है। बता दें कि पिछले हफ्ते मुंबई के गोल्डन तंबाकू फैक्ट्री में सलमान खान का कैमियो सीन शूट होने वाला था। लेकिन अब सलमान खान इसका हिस्सा नहीं बनेंगे।

सिद्दीकी की हत्या के बाद उनके करीबी दोस्त सलमान खान से फिल्म की शूटिंग करने को कहना मेकर्स को ठीक नहीं लगा। और साथ ही अजय देवगन को जल्द से जल्द अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी करके सेंसर बोर्ड के पास भेजना था।

**फिल्म के बारे में:** अजय देवगन की सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म सिंघम अगेन 1 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, जैकी और टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार और रणवीर सिंह जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# तारक मेहता में होगी इस किरदार की वापसी



**तारक** मेहता का उल्टा चश्मा साल 2008 में शुरू हुआ था और अभी तक इसकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। सीरियल में दिखाया गया कि तारक मेहता के बॉस एक बार फिर से बड़े गुरुजी से मिलना चाहते हैं। हालांकि आपको ये नहीं पता तो बता दें कि बड़े गुरुजी की भूमिका बापूजी ने निभाया था। ऐसा बापूजी ने इसलिए किया था, ताकि तारक को उसके बॉस से बचा सकें। अब तारक के लिए एक नयी मुसीबत आ गई है और उसका बॉस दोबारा बड़े गुरुजी से मिलने की बात करता है।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में होगी इस किरदार की वापसीः तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अपकमिंग एपिसोड में दिखाया जाएगा कि तारक जल्दी से जेठालाल को फोन कर बॉस वाली डिमांड बताता है। दूसरी तरफ बाबूजी इस बार इस बात पर अड़ गए है कि वह दोबारा से कभी भी बड़े गुरुजी नहीं बनेंगे। बाबूजी कहते है इस बार चाहे गोकुलधाम सोसाइटी में कितनी भी मुश्किलें क्यों न आ जाएं, वह बड़े गुरुजी नहीं बनेंगे। अब देखना दिलचस्प होगा कि चंपकलाल उर्फ ??बापूजी बड़े गुरुजी बनने के लिए कैसे मानते हैं। आने वाला एपिसोड काफी मजेदार होने वाला है।

सोनी सब पर कितने बजे आता है तारक मेहता का शोः हाल ही में गोकुलधाम सोसाइटी के लोगों ने बड़े शानदार तरीके से दशहरा सेलिब्रेट किया। सारे लोगों ने साथ मिलकर रावण दहन किया और जश्न मनाया। वहीं, तारक मेहता का उल्टा चश्मा आप सोमवार से लेकर शनिवार तक शो को रात 8:30 पर सोनी सब पर देख सकते हैं। शो में दिलीप जोशी, अमित भट्ट, मुनमुन दृता, सोनालिका जोशी, मंदार चंदवाडकर सहित अन्य किरदार नजर आते हैं। कुछ समय पहले ही शो को पलक सिधवानी ने अलविदा कहा था। शो में वह सोनू भिड़े की भूमिका निभाती थी। अब नयी सोनू आ चुकी है।

## खुद के बच्चे ना होने पर अनुपम खेर हुए इमोशनल, कहा-

# बच्चों की कमी खलती है, उनकी परवरिश करता तो ज्यादा खुशी होती



**अनुपम खेर** ने साल 1985 में एक्ट्रेस किरण खेर से शादी की थी। दोनों की लव लाइफ काफी चर्चा में रही थी। हाल ही में अब अनुपम ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात की। उन्होंने कहा भले ही पत्नी किरण खेर के बेटे सिकंदर खेर को अपना नाम दिया। लेकिन, उन्हें कभी-कभी अपने बच्चों की कमी खलती है।

दरअसल, एक पॉडकास्ट में अनुपम खेर से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने खुद के बच्चे ना होने की कमी खलती है? इसपर अनुपम ने कहा, बिल्कुल, मुझे अपने खुद के बच्चे ना होने की कमी खलती है। ऐसा पहले नहीं होता था, लेकिन पिछले 8-10 सालों से मुझे अकेलापन फील होता है। मैं सिकंदर के साथ बहुत खुश हूं। लेकिन अगर मैं अपने बच्चों को छोटे से बड़े होते हुए देखता तो शायद वो खुशी अलग ही होती। ये बात मैं ईमानदारी से कह रहा हूं। ये मेरी जिंदगी में कोई ट्रेजडी नहीं है। अनुपम खेर ने आगे कहा, 'मैं अपनी जिंदगी में ज्यादातर समय बिजी रहा हूं, लेकिन अब 50-55 साल की उम्र में मुझे एक खालीपन फील हुआ। ऐसा इसलिए भी हुआ था क्योंकि किरण और सिकंदर अपनी-अपनी लाइफ में बिजी हो गए थे।' बता दें, अनुपम ने अपनी पहली पत्नी मधुमालती और किरण ने अपने पहले पति बिजनेसमैन गौतम बैरी को तलाक देने के बाद 1985 में एक दूसरे से सादी की थी। जब दोनों की शादी हुई थी तब किरण के बेटे सिकंदर चार साल के थे।

## आईपीएल : आईपीएल ऑक्शन रियाद में, बोर्ड जल्द लगाएगा मुहर




**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का मेगा ऑक्शन अगले महीने आयोजित होना है। रिपोर्ट्स की मानें तो 24 और 25 नवंबर को इस बार मेगा ऑक्शन आयोजित हो सकता है और इसके लिए एक शहर को भी लगभग फाइनल कर लिया गया है। कई शहरों के बारे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्डने विचार किया, लेकिन सऊदी अरब की राजधानी रियाद को रेस में सबसे आगे माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक बीसीसीआई की ओर से कुछ भी आधिकारिक तौर पर फाइनल नहीं है, लेकिन डेट्स और वेन्यू लगभग यही होंगी।

क्रिकबज की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैसे तो लगभग 24-25 नवंबर और रियाद फाइनल है, लेकिन बीसीसीआई अधिकारियों के सामने एक संभावित मुद्दा यह है कि प्रस्तावित तारीखें ऑस्ट्रेलिया में भारत के पहले टेस्ट मैच से मेल खाती हैं, जो 22 से 26 नवंबर तक पर्थ में आयोजित होना। यह मैच डिज्नी स्टार पर दिखाया जाएगा, जो आईपीएल के आधिकारिक प्रसारकों में से एक है। आदर्श रूप से देखें तो सभी पक्ष किसी भी ओवरलैप से बचना चाहते हैं।

# करवा चौथ पर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा एक साथ कृष्णा दास के कीर्तन में हुए शामिल



**टीम इंडिया** को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद, चेस मास्टर विराट कोहली अपनी पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ 20 अक्टूबर को मुंबई के नेस्को में अमेरिकी गायक कृष्णा दास द्वारा आयोजित कीर्तन में शामिल हुए।

टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद, चेस मास्टर विराट कोहली अपनी पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ 20 अक्टूबर को मुंबई के नेस्को में अमेरिकी गायक कृष्णा दास द्वारा आयोजित कीर्तन में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजकों ने करवा चौथ की रात लाइव कार्यक्रम का आनंद लेते हुए जोड़े की तस्वीरें साझा कीं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक तस्वीर में अनुष्का को भीड़ के खड़े होने पर ताली बजाते हुए देखा जा सकता है। दूसरी ओर, विराट भी कीर्तन का आनंद लेते हुए देखे जा सकते हैं। आयोजकों ने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, विराट और अनुष्का आज मुंबई में कृष्णा दास लाइव में हमारे साथ शामिल हुए, आशीर्वाद लेने और शांत वातावरण से जुड़ने के लिए। उनकी उपस्थिति ने सामूहिक भक्ति को और बढ़ा दिया, जिससे यह सभा और भी खास हो गई।₹ दोनों का इस कीर्तन का आनंद लेते हुए एक वीडियो भी सामने आया है जो वायरल हो रहा है।

यह पहली बार नहीं है जब विराट और अनुष्का ने कृष्णा दास के कीर्तन में भाग लिया हो। इससे पहले जुलाई में लंदन में कृष्ण दास के कीर्तन में भी दोनों को देखा गया था। क्रिकेट की बात करें तो विराट कोहली ने आखिरी बार न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहला टेस्ट खेला था, जिसमें भारत को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

आपको बता दें कि चेज मास्टर विराट कोहली मुंबई में कीर्तन का आनंद लेने के बाद अब सीधे पुणे के लिए रवाना हो गए हैं। यहां भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। यह मैच 24 अक्टूबर 2024 को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शुरू होने वाला है। सीरीज में 1-0 से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम मुंबई में होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले सीरीज बराबर करने की कोशिश करेगी।

दूसरी तरफ अनुष्का शर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह झूलन गोस्वामी की बायोपिक चकदा एक्सप्रेस से वापसी करने वाली थीं। हालांकि, नेटफ्लिक्स की यह फिल्म अभी तक रिलीज नहीं हो पाई है।



## माही 31 तक बताएंगे, खेलेंगे या नहीं, सीएसके के सीओ बोले, हम चाहते हैं कि अगला सीजन खेलें

**नई दिल्ली:** चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार आईपीएल चैंपियन बनाने वाले महेंद्र सिंह धोनी क्या आईपीएल 2025 में खेलेंगे? यह एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है। खुद चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन को भी ये पता नहीं है। एमएस धोनी को रिटेन किया जाएगा या नहीं? इसका फैसला सीएसके मैनेजमेंट बाद में करेगा, पहले तो एमएस धोनी ने अभी तक फ्रेंचाइजी को ये नहीं बताया है कि वे सीजन के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा है कि 31 अक्तूबर या इससे पहले एमएस धोनी को सीएसके को इस बात की पुष्टि करनी है कि वे एक और सीजन खेलने वाले हैं। काशी विश्वनाथन ने कहा, हमें अभी भी उनकी तरफ से कोई पुष्टि नहीं मिली है।

हालांकि, हम चाहेंगे कि वह हमारे लिए खेलना जारी रखें। उम्मीद है कि वह 31 अक्तूबर से पहले पुष्टि कर देंगे। 31 अक्तूबर, 2024 तक आईपीएल की सभी दस टीमों को अगले महीने होने वाले मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट बीसीसीआई को सौंपनी है। इसके बाद ही आगामी नीलामी के लिए लिस्ट तैयार होगी। आईपीएल के मेगा ऑक्शन से पहले नियमों में बदलाव भी किए गए हैं, जिसमें एक बदलाव तो ये है कि पांच साल या इससे पहले इंटरनेशनल मैच खेलने वाले खिलाड़ी अनकैप्ड कहे जाएंगे। इस तरह आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले सीएसके एमएस धोनी को अनकैप्ड इंडियन के तौर पर चार करोड़ रुपए में रिटेन कर सकती है।

# ईशान किशन की हुई टीम इंडिया में वापसी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हुआ चयन



**नई दिल्ली:** टीम इंडिया के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की आखिरकार टीम में वापसी हो गई है। उन्हें भारत ए की ओर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैच खेलने का मौका दिया गया है। किशन को इस दौरे पर अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। रुतुराज गायकवाड़ टीम की कप्तानी करेंगे। ये युवा टीम नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, पुरुष चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 15 सदस्यीय भारत ए टीम का चयन किया है। भारत ए मैके और मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा और फिर पर्थ में टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) के खिलाफ तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड गेम में भाग लेगा।

ईशान किशन को इस साल की शुरूआत में बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। ऐसा तब हुआ जब यह विकेटकीपर बल्लेबाज भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच में ही स्वदेश लौट आया और उसके बाद अपनी राज्य टीम झारखंड के लिए घरेलू टूनामेंट में भी शामिल नहीं हुआ। किशन इस सीजन में घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए झारखंड की अगुआई कर रहे हैं। बीसीसीआई ने कई बार कहा है कि जो खिलाड़ी राष्ट्रीय कर्तव्यों से मुक्त हैं, उन्हें घरेलू टूनामेंट में खेलना ही होगा, तभी उनके नाम पर विचार किया जाएगा। किशन ने घरेलू क्रिकेट में मजबूत प्रदर्शन के साथ बीसीसीआई की नजरों में वापसी की है। जिसमें पिछले महीने दलीप ट्रॉफी में इंडिया सी के लिए शतक भी शामिल है। उन्होंने ईरानी कप में शेष भारत का प्रतिनिधित्व भी किया और अपनी एकमात्र पारी में 38 रन बनाए। अब, झारखंड की 16 सदस्यीय टीम के कप्तान के रूप में किशन एक युवा टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं, जिसमें पिछले सीजन के कप्तान विराट सिंह उनके उप कप्तान और कुमार कुशाग्र विकेटकीपर होंगे।

न्यूज ब्रीफ

## जबलपुर ओएफके में विस्फोट, एक दर्जन लोग घायल



**जबलपुरः** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित खमरिया आयुध निमार्णी (ओएफके) में आज सुबह हुए विस्फोट में लगभग एक दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। शुरूआती जानकारी के अनुसार विस्फोट ओएफके के एक बॉयलर में हुआ, जिसके बाद वहां अफरातफरी मच गई। हादसे के समय वहां लगभग एक दर्जन लोग मौजूद थे। धमाका जिस जगह हुआ है, उस क्षेत्र को काफी नुकसान पहुंचा है। हादसे के संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद ही विस्फोट के कारण सामने आ पाएंगे। फिलहाल प्रशासन की प्राथमिकता वहां राहत और बचाव कार्य की है। वहीं फैक्ट्री में धमाके की खबर के बाद वहां एंबुलेंस पहुंच गई और घायल कर्मचारियों को अस्पताल भेजा गया है।

## मुइज्जू कैबिनेट का फैसला, मालदीव में शुरू होगी यूपीआई सर्विस




**मालेः** मालदीव ने भारत की यूपीआई सर्विस शुरू किए जाने को लेकर जरूरी कदम उठाने का फैसला लिया है। इस संबंध में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के आफिस की ओर से जारी एक बयान में जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि इस कदम से मालदीव की अर्थव्यवस्था को लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मालदीव को भारत की यूपीआई सुविधा के साथ बेहतर फाइनांशियल ट्रांजेक्शन के अलावा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर मदद मिलेगी। उक्त निर्णय आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री द्वारा कैबिनेट बैठक में पेश किए गए पत्र पर गहन विचार-विमर्श के बाद लिया गया। साथ ही राष्ट्रपति मुइज्जू ने सुझाव दिया कि देश में कार्यरत बैंकों, दूरसंचार कंपनियों, सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के साथ ही फिनटेक कंपनियों को कंसोर्टियम में शामिल किया जाना चाहिए।

## स्मार्ट मीटर अब बतायेगा मोहल्ले में कौन है बिजली चोर, करेगा विभाग को मदद

पटनाः बिहार में स्मार्ट मीटर आम लोगों को चाहे जितना परेशान करता हो, लेकिन बिजली विभाग की बड़ी मदद कर रहा है। स्मार्ट मीटर अब बिजली विभाग को बिजली चोरी करनेवालों का पता भी बतायेगा। बिहार में 50 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुके हैं। इतनी संख्या में डेटा होने से यह आसानी से पता चल सकेगा कि किस इलाके में कितनी बिजली खपत हो रही है। एक ट्रांसफॉर्मर से कितने उपभोक्ता जुड़े हैं। उस ट्रांसफॉर्मर पर कितना लोड है और अभी उससे कितनी खपत हो रही है। इस आंकड़े के आधार पर यह आसानी से पता चल सकेगा कि किस इलाके में बिजली की चोरी हो रही है।

अभी विभाग के पास खपत का कोई पुख्ता का कड़ा नहींः इस संबंध में कंपनी के एक अधिकारी का कहना है कि इन आंकड़ों का अध्ययन कर हम लोग औचक छापेमारी करेंगे। उन्होंने कहा कि इनके अध्ययन में यह भी जानकारी मिल सकेगी कि बिहार में किस समय बिजली की खपत अधिक हो रही है। यानी उपभोक्ता रात में अधिक बिजली खपत कर रहे हैं या दिन में अधिक बिजली उपकरणों का अधिक उपयोग कर रहे हैं। खपत में यह भी जानकारी मिल सकेगी कि कितने प्रतिशत उपभोक्ता एसी का उपयोग कर रहे हैं। अभी अनुमान के आधार पर ही कहा जाता है कि बिहार की कुल बिजली खपत में एसी की कितनी सहभागिता है। हमारे पास इसपर कोई पुख्ता आंकड़ा नहीं है। बिजली उपकरणों की खपत की जानकारी मिलने पर कंपनी उपभोक्ताओं को कुछ रियायत या प्रोत्साहन राशि की घोषणा कर सकती है।

## ओडिशा में चक्रवात दाना की चेतावनी, बंद हुए स्कूल, सरकार ने जारी किया आदेश

**नई दिल्लीः** ओडिशा में इन दिनों चक्रवात की चेतावनी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र 23 अक्टूबर तक चक्रवात दाना में हो सकता है। ओडिशा के पुरी और पश्चिम बंगाल में ये चक्रवात पहुंच सकता है। इस तूफान से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है।

चक्रवात को लेकर ओडिशा के पुलिस महानिदेशक सुधांशु शेखर सदांगी ने पुष्टि की है कि पुलिस तूफान से उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सदांगी ने संवाददाताओं से कहा, हम चक्रवात के मार्ग पर नजर रख रहे हैं, चाहे इसका असर बांग्लादेश पर पड़े या ओडिशा पर। हमारी कार्रवाई इसके प्रक्षेप पथ पर निर्भर करेगी, लेकिन फिलहाल तैयारियाँ पूरी हैं।

सुधांशु शेखर सदांगी ने बताया कि वे समुद्र में गए मछुआरों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि कल तक उन्हें पता चल जाएगा कि कौन से जिले प्रभावित होने की संभावना है और उनकी कार्रवाई उसी पर निर्भर करेगी।

## हैवान पिता ने अपनी बेटी को बनाया हवस का शिकार

**मोतिहारी :** रिश्तों को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। जहां एक हैवान पिता ने अपनी बेटी को हवस का शिकार बनाया।ये मामला पूर्वी चंपारण जिला के आदापुर प्रखंड के हरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां पिता हर दिन अपनी ही नाबालिग बेटी का यौन शोषण करता था। वहीं पिता की इस हरकत से परेशान बेटी ने 112 डायल कर पुलिस को अपनी आपबीती बताई। नाबालिग ने बताया कि उसने अपनी मां को भी इसकी शिकायत की थी पर मां ने पिता को मना नहीं किया और ना ही इसका विरोध किया। पुलिस नाबालिग की बात सुन कर दंग रह गयी। उसके बयान पर आरोपी पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पिता को पुलिस की खबर लगते ही वह फरार हो ग?ा। पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। पीड़िता के बयान के बाद पुलिस ने दर्ज किया एफआईआरः पीड़िता का बयान सुनने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है और छानबीन में जुट गई है। पीड़िता को चिकित्सकीय जांच के लिए मोतिहारी भेज दिया है।

# पीएम मोदी कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत ब्रिक्स को अत्यधिक महत्व देता है और यह समूह विकास और वैश्विक संगठनों में सुधार के मुद्दों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। श्री मोदी रूस कजा? में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए के लिए रवाना हो चुके हैं। श्री मोदी ने कजान के लिए प्रस्थान करने से पहले सोशल मीडिया पर कहा कि मैं वहां विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की आशा करता हूं। मैं वहां विभिन्न नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं। ब्रिक्स समूह के 16 में शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

श्री मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर इसके लिए 2 दिन कजान में बिताएंगे। रूस के लिए प्रस्थान करने से पहले प्रधानमंत्री ने एक वक्तव्य में कहा कि भारत ब्रिक्स देश के बीच घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है। यह मंच वैश्विक विकास के एजेंडा, बहुपक्षवाद की सुधरी व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सहयोग, जुझारू आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण, सांस्कृतिक और मानवीय जुड़ाव को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल नए सदस्यों को शामिल करने के साथ ब्रिक्स के विस्तार ने वैश्विक भलाई के लिए इसकी समावेशिता और एजेंडे को बढ़ाया है। गत जुलाई में मॉस्को में




आयोजित भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के आधार पर कजान की मेरी यात्रा भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और ब्राजील ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य हैं। ब्रिक्स के देश दुनिया की महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था है। इस समूह में पांच और नये सदस्यों मिस्त्र, इथोपिया, ईरान, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के शामिल होने से इसकी सदस्य संख्या दस हो गयी है। इसके सदस्य देशों में विश्व की 41 प्रतिशत आबादी निवास करती है और विश्व अर्थव्यवस्था में इनका योगदान एक लगभग चौथाई और विश्व व्यापार में इनका योगदान 16 प्रतिशत से अधिक है।

क्या है मुख्य मुद्दाः ब्रिक्स देशों का मुख्य मुद्दा नई करेंसी को लेकर है। यह देश चाहते हैं कि डॉलर पर निर्भरता कम हो और एक नई करेंसी की शुरूआत की जा सके, ताकि आर्थिक हितों को साधा जा सके। अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इन देशों की चाह पर सहमति बन जाती है, तो निश्चय ही एक नई करेंसी ब्रिक्स देशों के विकास और आर्थिक रूप से नया मंच प्रदान कर सकती है।

# जोर का धमाका और ताश के पत्तों की तरह बिखर गया मकान, हादसे में 6 लोगों की मौत, 2 गंभीर



एजेंसी

**बुलंदशहरः** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां सिकंदराबाद क्षेत्र की आशापुरी कॉलोनी में अचानक से ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि दो मंजिला मकान ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। हादसे में घर में मौजूद 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया और शवों को मलबे से बाहर निकाला। वहीं, हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, इस घटना पर संज्ञान लेते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए है।

बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा पेश आया उस समय घर के अंदर 18 से 19 लोग मौजूद थे। इसमें से 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इनमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचना राजू उर्फ रियाजुद्दीन (50), रुखसाना (45) पत्नी राजू, सलमान (16) पुत्र राजू, तमन्ना (24) पुत्री राजू, हिवजा पुत्री तम्मन्ना की मौत मौके पर ही हो गई थी।

रुखसाना पत्नी रियाजुद्दीन बीमार थी और सोमवार को ही अस्पताल से डिस्चार्ज कर उन्हें घर लाया गया था। इस दौरान रुखसाना के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर मंगाया गया था और परिजन ऑक्सीजन सिलेंडर से रुखसाना को ऑक्सीजन दे रहे थे। इस दौरान ऑक्सीजन गैस लीक हो गई और अचानक ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट के बाद मकान का लेंटर गिरने से 18 लोग मकान के मलबे में दब गए, जिसमें से 10 लोगों को प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## केजरीवाल के बंगले में मिले कीमती सामान को लेकर भाजपा हमलावर



एजेंसी

**नई दिल्लीः** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के बंगले को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। बीजेपी यहां हुए रेनोवेशन का मुद्दा उठाकर केजरीवाल को घेरने की कोशिश कर रही है। एक बार फिर बीजेपी ने पीडब्ल्यूडी की लिस्ट का हवाला देकर केजरीवाल वाले बंगले में मिले कीमती सामान का जिक्र कर उन पर हमला बोला है। बीजेपी के प्रवक्ता संबित पात्रा का दावा है कि उनके घर पर पांच करोड़ के पर्दे लगे हैं। इसके अलावा 64 लाख की वॉइस कंट्रोल टीवी भी है। बीजेपी ने टोटो टॉयलट सीट का जिक्र भी किया है, जो पूरी तरह टेक्नोलोजी से लेस है। बीजेपी का दावा है कि यह टॉयलेट बंगले के सात कमरों में लगा था, जिसकी कीमत 10-12 लाख रुपए थी, जो अब बंगले से गायब है। संबित पात्रा ने तंज कसते हुए कहा कि बड़े-बड़े राजा महाराजओं के पास भी ऐसी चीजें नहीं होंगी जैसी इस बंगले में हैं। उन्होंने दावा किया कि इमसे मोटर एंड ट्रैक ऑपरेटेड पर्दे हैं। 65 इंच की वॉइस कंट्रोल टीवी भी है, जो 64 लाख रुपए की है। इसके अलावा 4.5 लाख के स्पीकर, चार लाख रुपए की प्रीमियम मसाज चेयर, 20 लाख रुपए की लाइटिंग, 22 लाख रुपए का हॉट वाटर जेनरेटर और 10 लाख रुपए का रिक लाइनर सोफा भी पीडब्ल्यूडी की इन्वेंटरी लिस्ट में शामिल है।

## पर्यटकों का इंतजार खत्म,वीटीआर में जंगल सफारी शुरू

पश्चिम चंपारणः महीनों के इंतजार के बाद वाल्मीकी टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए खुल गया। सोमवार को जंगल सफारी के साथ नए सत्र का शुभारंभ हो गया। इस दौरान अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर और नारियल फोड़ कर नए सत्र का शुभारंभ किया। मंगुराहा पर्यटन केन्द्र में वीटीआर के वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डॉक्टर नेशामणी ने हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी को रवाना किया। इस दौरान रेंजर सुजीत कुमार फॉरेस्टर अभिषेक सिंह, वन रक्षक अंकुश तिवारी, पर्यटन प्रबंधक सुमन सौरभ, गाइड विकास उरांव के साथ पूर्व रेंजर सुनील कुमार पाठक मौजूद थे। वहीं वाल्मीकिनगर पर्यटन केंद्र पर वन प्रमंडल दो के डीएफओ पियूष बरनवाल, प्रशिक्षु डीएफओ स्टालिन फीडर, वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र अधिकारी राजकुमार पासवान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन किया। पहले दिन जंगल सफारी पर वाल्मीकि नगर में कुल 12 पर्यटक जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव प्राप्त करेंगे। इस दौरान बोकारो स्टील प्लांट के मैनेजर प्रमोद कुमार अपने परिवार के साथ जंगल सफारी के पहले पर्यटक बने। वहीं मंगुराहा में प्रथम एजुकेशन महाराष्ट्र के मेघना अर्जुन, पटना के दीनानाथ कुमार सिन्हा, संस्कृति पांडे, गौरी पादिकर, मोहम्मद नय्यर आलम जंगल सफारी पर निकले। इस बार नेचर गाइडों के लिए नए अवसर वन विभाग ने इस सत्र में स्थानीय नेचर गाइडों को प्रोत्साहित करने और उनके लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की पहल की है। विभाग द्वारा गाइडों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि हस्त निर्मित सामान के साथ शहद उत्पादन आदि कर सकें।

# बंगलूरू में भारी बारिश से बिगड़े हालात, सड़कों पर चली नाव, सोशल मीडिया पर भड़के लोग

बंगलूरू : भारत की सिलिकॉन वैली, बंगलूरू की सड़कों पर नाव चल रही है। दरअसल बीती रात हुई भारी बारिश के चलते शहर भर में जलभराव की स्थिति बन गई है। कई सड़कें जलभराव की वजह से बंद हैं और लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए प्रशासन ने सड़कों पर नौकाएं उतार दी हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी कुछ कहा जा रहा है और लोग खराब आधारभूत ढांचे को लेकर प्रशासन पर नाराजगी निकाल रहे हैं।

एक महिला की गई जानः भारी बारिश के चलते बंगलूरू की कई सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे यातायात और आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बंगलूरू ट्रैफिक पुलिस के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के एसीपी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर लोगों को कोगिलु जंक्शन से आईएएफ की तरफ जाने वाली सड़क के बंद होने की जानकारी दी है।



उन्होंने कहा कि 'जलभराव के चलते सड़क बंद है और वहां राहत और बचाव कार्य चल रहा है।' सोमवार को बंगलूरू में 56 वर्षीय महिला की खुले मेनहॉल में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल महिला अपने पति के साथ स्कूटर पर सवार होकर जा रही थी, इसी दौरान एक वाहन ने उनके स्कूटर में टक्कर मार दी और टक्कर लगने से महिला खुले मेनहॉल में जा गिरी, जिससे उसकी मौत हो गई।

उड़ान सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावितः मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बंगलूरू ग्रामीण इलाके में आज सुबह तक 176 एमएम बारिश हो चुकी है। वहीं बंगलूरू शहरी इलाके में 157 एमएम बारिश हुई है। बारिश के चलते शहर में आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसे लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की और बृहत बंगलूरू महानगर पालिका और राज्य सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। लोगों ने शहर के आधारभूत ढांचे पर सवाल खड़े किए। भारी बारिश के चलते बंगलूरू में उड़ान सेवाएं भी प्रभावित हुईं। सोमवार रात को 20 से ज्यादा उड़ान सेवाओं में देरी हुई। दिल्ली से जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट और इंडिगो की चार उड़ान सेवाओं को भारी बारिश के चलते चेन्नई डायवर्ट किया गया। वहीं भारी बारिश और जलभराव के चलते शहर के स्कूल बंद रखे गए हैं।

# ममता से मुलाकात के बाद जूनियर डॉक्टरों ने वापस लिया अनशन और हड़ताल

एजेंसी

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में सरकारी अस्पतालों के जूनियर डॉक्टरों ने सोमवार रात को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद अपना आमरण अनशन और मंगलवार की प्रस्तावित हड़ताल वापस ले ली। आंदोलनरत डाक्टरों को गत नौ अगस्त को सरकारी आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित दुष्कर्म की शिकार हुई युवा स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के शोक संतप्त माता-पिता से भी अनुरोध मिला था। इस प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या करने के विरोध में जूनियर डाक्टरों ने प्रदर्शन शुरू किया था।

जूनियर डॉक्टर देबाशीष हलदर ने यह घोषणा करते हुए कहा हत्या की शिकार महिला चिकित्सक के माता-पिता के अनुरोध के बाद हम अनिश्चितकालीन अनशन वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पहले ही अपनी बेटी को खो चुके हैं और अब और मौतें नहीं चाहते हैं। उन्होंने मंगलवार को सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रस्तावित हड़ताल वापस लेने की भी घोषणा की। लेकिन उन्होंने कहा कि उनका विरोध और आंदोलन जारी रहेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से हड़ताल समाप्त करने और काम पर लौटने की अपील की थी। आठ जूनियर चिकित्सक, जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं कथित मौजूदा धमकी संस्कृति को समाप्त करने, सरकारी अस्पतालों में भर्ती के लिए एक केंद्रीय रेफरल प्रणाली सहित अपनी 10 सूत्री मांगों के साथ गत पांच अक्टूबर से अनशन पर थे।

डा। हलदर ने कहा कि 70 दिनों से अधिक पुराना उनका आंदोलन अब एक बड़े विरोध का रूप लेगा और आम लोग उनसे कम से कम अनशन समाप्त करने का आग्रह कर रहे हैं क्योंकि अनशन कर रहे अधिकांश डॉक्टरों का स्वास्थ्य पहले ही खराब हो चुका है। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त माता-पिता आज रात अनशन स्थल पर आए और उनसे कम से कम अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया। डॉ। हलदर ने कहा कि व्यवस्था को साफ करने



के लिए उनका आंदोलन जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले दिन में प्रदर्शनकारी जूनियर चिकित्सकों से आंदोलन वापस लेने और काम पर लौटने की अपील की। ??इसके बाद उन्होंने नबन्ना में पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के प्रतिनिधियों के साथ दो घंटे की बैठक में सहमति जताई कि सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित माहौल होना चाहिए। बैठक का सीधा प्रसारण किया गया। डॉक्टरों ने कथित धमकी संस्कृति, जबरन वसूली, यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ सहित कई मुद्दे उठाए और सरकार से उनकी मांगों को स्वीकार करने का आग्रह किया क्योंकि उन्हें सरकारी अस्पतालों में सामान्य स्थिति बहाल करने की आवश्यकता है। बैठक में शामिल 17 डॉक्टरों ने बाद में आरोप लगाया कि उन्हें लाइव स्ट्रीमिंग के बारे में जानकारी नहीं दी गई।

मुख्यमंत्री ने डाक्टरों से कहा ह्यआपने अपनी क्षमता के अनुसार विरोध किया। आपने अच्छा किया। यह आपका लोकतांत्रिक अधिकार है। मैंने भी 26 दिनों तक उपवास और विरोध किया। एक भी सरकारी अधिकारी मुझसे मिलने नहीं आया। मैं आपसे मिलने आयी हूं। मैं हर घंटे आपकी भलाई के बारे में रिपोर्ट मांगती हूं। उन्होंने कहा ह्यमैं आपसे पूछती हूं, आप मुझे एक बार नहीं, बल्कि दस बार बताएं कि आप क्या चाहते हैं। आपका भविष्य है, आपका कर्तव्य है। मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप विरोध प्रदर्शन और अनशन जल्द से जल्द समाप्त करें। ममता बनर्जी ने कहा कि सरकार ने विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से निजी अस्पतालों में इलाज के लिए स्वास्थ्य साथी कार्ड धारकों के बिलों का भुगतान करने के लिए 450 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने अस्पतालों में डॉक्टरों की भर्ती पर कहा कि उन्हें पता है कि सभी रिक्तियों को तुरंत भरने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से कहा ह्यआपको यह विचार करना होगा कि हमारे हाथ कई जगहों पर बंधे हुए हैं, खासकर आरक्षण के मामले में। हमने मामले को अदालत में उठाने की नियमित कोशिश की है यह उच्चतम न्यायालय में लंबित है। आपका उच्चतम न्यायालय में भी प्रतिनिधित्व है, मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप इस मामले को अदालत में उठाएं और उनसे प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कहें ताकि हम भर्ती को तेजी से आगे बढ़ा सकें।

न्यूज ब्रीफ

## भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चार दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



मांडर। कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को चार दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। प्रोग्राम में महाविद्यालय के सचिव नितिन पराशर और शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या दीपाली पराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा गोस्नर महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता और संत जेवियर कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर पंकज कुमार ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों की पेशेवर क्षमताओं को और अधिक सशक्त करना है। इसमें शिक्षण विधियों, पाठ्यक्रम विकास और नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने इस पहल को उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों और विशेषज्ञों ने इस प्रकार के आयोजन को शिक्षण कौशल और ज्ञान में वृद्धि के लिए आवश्यक बताया। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी, जिससे शिक्षकों को शैक्षणिक विकास के नए आयामों से अवगत कराया जाएगा।

## भाजपा प्रत्याशी डॉ शशिभूषण मेहता समेत तीन ने किया नामांकन



**पलामूः** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए पलामू में सोमवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। तीनों नामांकन पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए हुआ है। भाजपा प्रत्याशी सह पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, बच्चन सिंह और सुमित कुमार ने नामांकन किया है।

नामांकन दाखिल करने के बाद पांकी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ शशिभूषण मेहता ने कह कि झारखंड की हेमंत सरकार लूट-खसोट को मचाए हुए थी। हेमंत सरकार ने एक भी वादे पूरे नहीं किए। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिला है। वहीं अन्य वर्गों को भी सम्मान नहीं मिला है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया है। वहीं डालटनगंज विधानसभा, बिश्रामपुर विधानसभा, छतरपुर विधानसभा और हुसैनाबाद विधानसभा से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया है। बता दें कि पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी।

जिला निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए आठ नामांकन पत्र की खरीद हुई है, वहीं डालटनगंज विधानसभा के लिए 11, पांकी विधानसभा के लिए पांच और हुसैनाबाद विधानसभा के लिए पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है।

जिसमें बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से मनोज कुमार रवि, चंद्रशेखर उपाध्याय, विनीत कुमार, राजेश मेहता उर्फ राजन मेहता, गीता मेहता, विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी, सुधीर कुमार, मसरूर अहमद खान। वहीं डालटनगंज विधानसभा सीट से ललन चौधरी,आलोक कुमार चौरसिया,दिनेश कुमार यादव, जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, रुचिर कुमार तिवारी, मुन्ना कुमार, चन्द्रधन सिंह, अनिकेत, सुनील कुमार पासवान, मुकेश कुमार प्रजापति, भूपेंद्र चौधरी ने नामांकन पत्र खरीदा है।

वहीं छत्तरपुर में चार नामांकन पत्र की बिक्री हुई है। वहीं हुसैनाबाद विधानसभा सीट के लिए विनोद कुमार सिंह, गौतम कुमार, मुखदेव मेहता जितेंद्र कुमार, मखमूल अंसारी ने नामांकन पत्र खरीदा है। अधिकतर प्रत्याशी 23 और 24 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और कार्यालयों में बैरिकेटिंग की गई है।

कोल्हान में भाजपा को जोरदार झटका

## दो पूर्व विधायक एवं सरायकेला के कद्दावर भाजपा नेता गणेश माहाली झामुमो में हुए शामिल



**बिनय मिश्रा :** विधानसभा चुनाव 2024 में प्रथम चरण में होने वाले चुनाव में टिकट से वंचित भाजपा प्रत्याशी बनने के उम्मीद में रहने वाले कई प्रत्याशियों ने टिकट नहीं मिलने की स्थिति में भाजपा को अलविदा कह कर झामुमो में शामिल हो गयें। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू प्रत्याशी नहीं बनाये जाने तथा पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के पुत्र बाबुलाल सोरेन को भाजपा से प्रत्याशी बनाये जाने पर छुब्ध होकर भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हो गये। वहीं बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी 2019 में भाजपा में शामिल हुए और चुनाव में पराजित हो गये। इस बार भाजपा ने उन्हें टिकट से वंचित कर दिया और उनके स्थान पर डॉ0 दिनेशानन्द गोस्वामी को अपना प्रत्याशी बनाया। इस परिस्थिति से छुब्ध होकर कुणाल षाड़ंगी भी भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हो गये। वहीं विगत 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को कड़ी टक्कर देने वाले गणेश माहाली को इसबार सरायकेला से पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है और इस परिस्थिति को देखते हुए गणेश माहाली झामुमो में शामिल हो गयें। अब यह संभावना प्रबल हो चली है कि झामुमो सरायकेला से गणेश माहली को अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि भाजपा को जोरदार झटका पार्टी के वरीय नेताओं ने दिया है वहीं झामुमो कोल्हान में पुनः फिर से मजबुत दिखाई पड़ रहा है। ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है।

# जमशेदपुर के पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र से विगत 25 वर्षों के पश्चात बना नया रिकॉर्ड

### पूर्व मुख्यमंत्री (अब राज्यपाल) रघुवर दास के स्थान पर उनके पुत्र वधू बनीं भाजपा प्रत्याशी

बिनय मिश्रा





जमशेदपुर के पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र से विगत 25 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में निरंतर जीत हासिल कर राजनीति में अपनी जबर्दस्त पहचान रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास (अब महामहिम राज्यपाल) निरंतर इस विधानसभा से चुनाव जीतकर काबीना मंत्री, उपमुख्यमंत्री 2014 में, मुख्यमंत्री बनें तथा इनके नाम यह भी रिकार्ड है कि पहले गैर आदिवासी मुख्यमंत्री रहें तथा पांच वर्षों तक निर्वाध रूप से शासन काफी बेहतर ढंग से चलाया। यही नहीं इस दौरान इनके मंत्रीमंडल के सदस्यों की संख्या मात्र ग्यारह ही रही जो अपने-आप में एक कीर्तिमान भी है। 2019 विधानसभा चुनाव में राजनीतिक घटना के क्रम में इन्हें इस विधानसभा क्षेत्र से पराजित होना पड़ा। इस बार इस विधानसभा क्षेत्र से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा संख्या 48 से श्रीमती पुर्णिमा दास साहु को पार्टी प्रत्याशी बनाया और इस प्रकार से प्रत्याशी के रूप में महामहिम राज्यपाल के पुत्रवधू को प्रत्याशी बनाया। इस बार के चुनाव भी काफी रोमांचक होंगे क्योंकि जमशेदपुर पूर्वी से महिला प्रत्याशी को टिकट देकर महिलाओं का सम्मान किया है। वहीं भाजपा इस बार विधानसभा चुनाव में पुरे जोर-शोर और दमखम के साथ चुनावी मैदान में है। इस बार के विधानसभा चुनाव में व्यापक रूप से रणनीति बनाकर चुनावी मैदान में प्रत्याशियों को उतारा है और राजग गठबंधन के सबसे बड़ी घटल दल होने के कारण सबसे पहल राज्य में अपने 68 प्रत्याशियों की घोषणा कर राज्य में प्रथम चरण 13 नवम्बर एवं दुसरा चरण 20 नवम्बर के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि भाजपा 2024 के विधानसभा चुनाव में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक रूप से रणनीति तैयार की है।

## जोड़ापोखर में ओबी डंप की चपेट में आकर युवक घायल

**धनबाद :** जोरापोखर थाना क्षेत्र के बरारी पांच नंबर के समीप सोमवार की दोपहर देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना के ओबी डंप की चपेट में आकर एक युवक अखिलेश कुमार सोनार गंभीर रूप से घायल हो गया। वह बरारी 5 नंबर धौड़ा निवासी अशोक सोनार का पुत्र है। दुर्घटना में अखिलेश का दाहिना पैर घुटना के नीचे दो भाग में बंट गया है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे वाहन से तत्काल एसएनएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने देवप्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना का कामकाज ठप करा दिया।

लोगो ने बताया कि जयरामपुर पांच नंबर के समीप आउटसोर्सिंग के विस्तारीकरण के लिए जमा ओबी को हटाने का काम चल रहा है। जमा ओबी को बरारी पांच नंबर के समीप डंप किए जाने से वहां ओबी पहाड़ बन गया है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज दोपहर में अखिलेश ओबी डंपिंग स्थल के समीप शौच कर रहा था तभी ओबी डंपिंग के दौरान एक बड़ा पत्थर लुढ़क कर नीचे आ गया। उसकी चपेट में आकर अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

# हेमंत सोरेन को दुमका से पराजित करने वाली लुईस मरांडी हुई झामुमो में शामिल



**ज्योति पाठक**

पूर्व मंत्री लुईस मरांडी हुई झारखंड मुक्ति मोर्चा में हुई शामिल झारखंड में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव 13 नवंबर और 20 नवंबर को तथा चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएंगे उससे पूर्व ही वैसे प्रत्याशी जिन्हें भारतीय जनता पार्टी ने इस बार टिकट से वंचित कर दिया वह झामुमो में शामिल होकर भाजपा के लिए परेशानी बढ़ाने का काम करेंगे ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है विधानसभा चुनाव के सूची में जिन प्रत्याशियों को बदल गया या यूं कहें उन्हें टिकट से वंचित किया गया अब नाराज होकर पार्टी को अलविदा का झामुमो में शामिल हो रहे हैं संथाल परगना उप राजधानी दुमका से भाजपा की विधायक रह चुकी और पूर्व मंत्री लूईस मरांडी आज राजधानी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन के समक्ष झामुम में शामिल होकर भाजपा की परेशानी बढ़ा दी है क्योंकि दुमका से उनके स्थान पर पूर्व सांसद सुनील सोरेन को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया और इस निर्णय के पश्चात लुईस मरांडी पार्टी से काफी व्यथित होकर आज झामुमोमें शामिल होकर पार्टी प्रत्याशी सुनील सोरेन की परेशानी बढ़ाने के साथ-साथ भाजपा को भी सकते में ला दिया है ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है।

भाजपा मंडल की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

# मांडर में विकास और परिवर्तन पर जोर

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**मांडर।** सोमवार को मांडर प्रखंड क्षेत्र के कंजिया में भाजपा मंडल की विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन समाजसेवी सन्नी टोप्पो के आवास पर किया गया। इस बैठक में मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के सभी प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक के दौरान सन्नी टोप्पो ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने मांडर में परिवर्तन की लहर लाने पर भी जोर दिया, जिससे क्षेत्र के विकास में तेजी लाई जा सके। बैठक में भाजपा संगठन को सशक्त बनाने के विभिन्न उपायों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख भाजपा नेताओं ने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आगामी चुनावों में सफलता प्राप्त करने के लिए रणनीति पर चर्चा की। बैठक में गोपाल उरांव, बलराम सिंह, हरिमोहन सिंह, रामेश्वर महतो, पुरंजय महतो, तेजू दास, अरविंद सिंह, विजय महतो, विधानसभा प्रभारी रिपु सुधन साहू, राणाजीकांत चौधरी, जिला अध्यक्ष बिनय महतो, कॉलेस्टर प्रभारी संजीव चौरसिया, प्रवासी प्रभारी डॉ. खेलावन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राम तिवारी, अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष सोनी तबस्सुम समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिवशंकर जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

**जमशेदपुर :** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो चुका है। सभी दलों के नेता सक्रिय हो गये हैं। प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होने के बाद दलों के नेताओं व कार्यकताओं में नाराजगी भी नजर आ रही है। कोई पार्टी बदल रहा है तो कोई निर्दलीय अपनी दावेदारी पेश कर रहा है। भाजपा की प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू का भी विरोध भाजपा नेताओं द्वारा किया जा रहा है। भाजपा नेता शिव शंकर सिंह ने तो निर्दलीय चुनाव लड़ने का भी ऐलान कर दिया है झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की सूची जारी होने के बाद कुछ पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में असंतोष और आक्रोश व्याप्त है।

# पश्चिम बंगाल और ओडिशा सीमा पर जांच के लिए बने 10 चेकनाका

**जमशेदपुर :** घाटशिला प्रखंड सभागार में पूर्वी सिंहभूम जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कौशल किशोर ने एसडीपीओ, डीएसपी और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। एसएसपी ने विधानसभा चुनाव पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बंगाल की सीमा पर 10 चेकनाका बनाये गये हैं। इन पर विशेष निगरानी रखनी है।



एसएसपी ने कहा कि सुरक्षापूर्ण चुनाव कराना है। मादक पदार्थ के खिलाफ छापामारी अभियान चलाना है, चाहे अवैध शराब हो या ड्रग्स। पश्चिम बंगाल और ओडिशा सीमावर्ती क्षेत्र में समन्वय बनाकर छापामारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में झारखंड और पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई थी। इसमें दोनों जगहों को पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

मौके पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ अजीत कुजूर, मुसाबनी डीएसपी संदीप भकत समेत घाटशिला, बहरागोड़ा, चाकुलिया, बरसोल, मुसाबनी, डुमरिया, धालभूमगढ़, गालूडीह, श्यामसुंदरपुर, जादूगोड़ा के इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

एसएसपी कौशल किशोर ने सोमवार को झारखंड-बंगाल बॉर्डर पर केशरपुर में बने चेकनाका का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छ, शांतिपूर्ण व भयमुक्त चुनाव संपन्न कराना है। यहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस बल के वाहन जांच पंजी की जांच की। बिना जांच एक भी वाहन को नहीं छोड़ने का निर्देश दिया। एसएसपी ने बंगाल से आने-जाने वाले वाहनों की जांच भी की। चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी को बंगाल से आने-जाने वाले वाहनों की अच्छी से जांच करने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों व मालवाहक वाहन की गहनता से जांच करें। अगर आपत्तिजनक सामग्री व राशि पायी जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को सूचना दें। मौके पर गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## टिकट लेकर दिल्ली से धनबाद लौटे विधायक राज सिन्हा, कहा- भरोसे पर उतरुंगा खरा

**धनबाद :** विधायक राज सिन्हा पर धनबाद विधानसभा सीट के लिए भाजपा ने तीसरी बार भरोसा जताते हुए फिर से टिकट दिया है। टिकट मिलने के बाद ट्रेन से सोमवार को दिल्ली से धनबाद पहुंचे। धनबाद स्टेशन पर उनके समर्थक व कार्यकर्ता ढोल बाजे के साथ पहले से जुटे रहे। धनबाद स्टेशन का नजारा देख ऐसा लग रहा था, मानो वह अभी चुनाव जीत गए हो।

मीडिया से बातचीत के दौरान विधायक राज सिन्हा ने कहा कि पार्टी के तमाम शीर्ष नेता और प्रदेश के नेताओं का मैं आभार प्रकट करता हूं। जिन्होंने हमारे ऊपर भरोसा जताया है। यहां के कार्यकताओं और लोगों को पार्टी ने सम्मान दिया है। 24 घंटे मैं आपलोगों के विश्वास पर खरा उतरूंगा, सुख दुख में खड़ा रहूंगा। लोगों के विश्वास को मैं कभी ठेस नहीं पहुंचने दूंगा।

नए चेहरे को पार्टी में टिकट की दावेदारी के सवाल पर राज सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अधिकार है। लोगों ने अपनी बातों को पार्टी के समक्ष रखा है। पार्टी जब भी किसी कार्यकर्ता को मौका देगी, हम उनके साथ खड़े रहेंगे। क्षेत्र के विकास को लेकर सवाल करने पर कहा कि आधारभूत संरचनाओं का अभी विकसित होना बाकी है। जिनका विकास नहीं हो सका है। उसका विकास करेंगे। चौड़ी सड़कें तो बनी हैं, अब छोटी छोटी सड़कों का भी निर्माण करवाना है। राज सिन्हा ने कहा कि झारखंड में अपराध काफी बढ़ा है। हमारी सरकार बनी तो सरकार स्पॉन्सर ऑर्गनाजइड क्राइम पर पूरी तरह से अंकुश लगाएंगे।

# बीजेपी प्रत्याशी मीरा मुंडा ने मेनका सरदार से लिया आशीर्वाद

### मुलाकात के बाद पूर्व विधायक ने इस्तीफा वापस लिया

मेट्रो रेज संवाददाता



जमशेदपुरः पोटका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने सोमवार को पूर्व विधायक मेनका सरदार के घर पहुंचीं और उनसे आशीर्वाद लिया। मीरा मुंडा से मुलाकात के बाद पूर्व विधायक मेनका सरदार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। इस मौके पर मीरा मुंडा ने कहा कि क्षेत्र नया है, लेकिन लोग अपने हैं। सबके साथ मिलकर काम करूंगी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीजेपी प्रत्याशी मीरा मुंडा ने कहा कि पोटका विधानसभा जो समस्याएं हैं उसका आकलन कर रही हूं। जनता का आशीर्वाद मिलेगा तो सारी समस्याओं का समाधान करूंगी।

मीरा मुंडा ने बीजेपी के नेताओं से मुलाकात की

इस दौरान मीरा मुंडा ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं से भी मुलाकात की और कई विषयों पर चर्चा की। वहीं मीरा मुंडा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र सिंह सरदार उर्फ राजू सरदार, गणेश सरदार और मनोज सरदार से भी मुलाकात की और विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए उनका समर्थन मांगा।

अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान मीरा मुंडा ने पोटका की सानग्राम पंचायत के पूर्व मुखिया और समाजसेवी बलराम सरदार के असामयिक निधन पर उनके घर पर जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की।

पूर्व विधायक ने इस्तीफा वापस लिया

इधर मीरा मुंडा के मिलने के बाद पूर्व विधायक मेनका सरदार ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर बताया है कि उन्होंने 19 अक्टूबर को पार्टी से इस्तीफा देने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन आज पार्टी के बड़े नेताओं और स्थानीय कार्यकताओं के आग्रह पर मैं अपना इस्तीफा वापस ले रही हूं। बता दें कि पोटका विधानसभा से मेनका सरदार तीन बार की विधायक रह चुकी हैं।

बारी मुर्मू ने दिया इस्तीफा

पूर्वी सिंहभूम की जिला परिषद अध्यक्ष भाजपा नेत्री बारी मुर्मू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। निजी कारणों से इस्तीफा देने का कारण बताया है। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने जेएमएम का दामन थाम लिया है। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को इस्तीफा भेजा और अपने फेसबुक में जारी कर लिखा है कि मैं निजी कारणों से इस्तीफा दे रही हूं। इसके बाद बारी मुर्मू ने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया।

आपको बता दें कि जिला परिषद अध्यक्ष भाजपा नेत्री बारी मुर्मू का नाम पोटका विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशियों में प्रमुख रूप से सामने आ रहा था। बारी मुर्मू भाजपा में एक सशक्त नेत्री मानी जाती थी, उनके भाई लक्ष्मण टुडू घाटशिला के पूर्व विधायक रह चुके हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के नजदीकी सहयोगियों में शामिल थे।